

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 18 नवंबर 2026 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष -42 ■ अंक-228 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

गलती से सीमा पार करने पर बांग्लादेश में हिरासत में लिया गया बीएसएफ जवान

कोलकाता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान सिलहट में गलती से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) द्वारा हिरासत में ले लिया गया था, उसे दोनों देशों के सीमा बलों के बीच हुई एक फ्लैग मीटिंग के बाद भारत को वापस सौंप दिया गया है। यह घटना 17 नवंबर को हुई, जब जवान अपनी सर्विस राइफल के साथ सिलहट जिले के बिचानाकांडी सीमा क्षेत्र में गलती से लगभग 200 गज अंदर बांग्लादेशी इलाके में चला गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, जब जवान बांग्लादेश की सीमा में दाखिल हुआ, तो उस इलाके में नियमित गश्त कर रहे 48वीं बीजीबी बटालियन के जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद, मामले को सुलझाने के लिए बीएसएफ और बीजीबी के अधिकारियों के बीच एक फ्लैग मीटिंग हुई। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद जवान और उसकी सर्विस राइफल, दोनों को बीएसएफ को सौंप दिया गया।

सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। उसूर थाना क्षेत्र के पुजारीकांकेर जंगल में सर्चिंग के दौरान जवानों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया डंप बरामद किया है। इसमें 50 नग बीजीएल (BGL) सेल मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार, खुफिया आसूचना के आधार पर थाना उसूर, आवापल्ली, पामेड़ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की 196वीं बटालियन की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया था।

साय कैबिनेट के बड़े फैसले : ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल, अबूझमाड़ के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा पर खर्च होंगे 40.98 करोड़

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,18 नवंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने से लेकर जनजातीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तक कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कैबिनेट ने ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए नए नियमों को मंजूरी दी है। वहीं, नारायणपुर के अबूझमाड़िया विद्यार्थियों के लिए रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय को तीन वर्षों में लगभग 40.98 करोड़ रुपये का अनुदान देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा राजनांदगांव में बाल सम्प्रेक्षण गृह निर्माण और माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय की स्थापना के लिए भूमि आबंटन के प्रस्तावों को भी हरी झंडी दी गई। इन निर्णयों से ग्रामीण पेयजल व्यवस्था, जनजातीय शिक्षा, बाल पुनर्वास और शैक्षणिक सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद ने ''छत्तीसगढ़ पंचायत (ग्रामीण नलजल संचालन, संधारण एवं प्रबंधन) नियम, 2026'' के प्रारूप का अनुमोदन किया है। इसके अंतर्गत पूर्व में लागू वर्ष 2024 के नियमों को निरस्त कर जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नए नियम लागू किए जाएंगे। नवीन नियमों में भारत सरकार द्वारा सुझाए गए सभी 19 तकनीकी, प्रशासनिक एवं वित्तीय बिंदुओं को शामिल किया गया है। इससे ग्राम पंचायतों के माध्यम से नलजल योजनाओं का नियमित संचालन, रखरखाव और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित होगा। विशेष रूप से एक हजार से कम आबादी वाली ग्राम पंचायतों में नलजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के लिए 'मुख्यमंत्री नल जल अनुदान' के माध्यम से वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए ग्राम पंचायतों को प्रतिमाह न्यूनतम 50 प्रतिशत जल प्रभार का संग्रहण करना होगा। वार्षिक जल प्रभार की 75 प्रतिशत से अधिक राशि का संग्रहण करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये 'मुख्यमंत्री नल जल प्रोत्साहन राशि' दिए जाने का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से छोटी ग्राम पंचायतों पर न केवल आर्थिक भार कम होगा, साथ ही ग्रामीण परिवारों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।



मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की घोषणा के अनुरूप नारायणपुर में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) के अबूझमाड़िया विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय को तीन वर्षों के लिए आवर्ती एवं अनावर्ती अनुदान स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम, 2006 के निर्धारित मापदण्डों में शिथिलीकरण को मंजूरी दी गई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ इस महाविद्यालय के संचालन एवं अधोसंरचना विकास के लिए तीन वर्षों में लगभग 40.98 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है। इस निर्णय से अबूझमाड़ सहित दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी तथा उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में राजनांदगांव जिले में बाल सम्प्रेक्षण गृह भवन के निर्माण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को भूमि आबंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के ग्राम कौरिनभांठा में राजगामी संपदा की खसरा क्रमांक 284 की 0.223 हेक्टेयर अर्थात 24,090 वर्गफीट भूमि आबंटित की जाएगी। नवीन सम्प्रेक्षण गृह के निर्माण से विधि से संघर्षरत बालकों के लिए सुरक्षित आवास, देखभाल, परामर्श, शिक्षा एवं पुनर्वास की सुविधाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के राजनांदगांव में संभागीय कार्यालय की स्थापना के लिए भूमि आबंटन का प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव शहर के बल्देव बाग स्थित स्टेट हाईस्कूल परिसर की 264 वर्गमीटर भूमि माध्यमिक शिक्षा मण्डल को आबंटित की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल के संभागीय कार्यालय की स्थापना से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को मण्डल से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर अधिक सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।

रायगढ़ में आयकर विभाग ने दी बर्बरीक ग्रुप के चार ठिकानों में दबिश



रायपुर,18 नवंबर। छत्तीसगढ़ में कर चोरी के खिलाफ आयकर विभाग ने बुधवार सुबह तड़के एक साथ कई बड़े ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी है। राज्य की राजधानी रायपुर, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा समेत कई जिलों में आयकर विभाग की कार्रवाई की सूचना से कारोबारी जगत में हड़कंप मच गया है। खास तौर पर रायगढ़ में विभाग की कार्रवाई सबसे ज्यादा चर्चा में है, जहां रायगढ़ इस्पात और बर्बरीक ग्रुप से जुड़ी फर्मों के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। बुधवार सुबह करीब 5 बजे ही आयकर विभाग के 12 से 15 अधिकारियों की अलग-अलग विशेष टीमें रायगढ़ में बर्बरीक हाउस समेत चार प्रमुख ठिकानों पर अचानक पहुंच गईं। सुबह-सुबह हुई इस कार्रवाई से कारोबारियों में अफरा-तफरी मच गई। टीमें मौके पर पहुंचकर फर्मों के तमाम दस्तावेजों, कारोबारी गतिविधियों और वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड को बारीकी से खंगाल रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायगढ़ इस्पात और बर्बरीक ग्रुप आपस में आर्थिक रूप से जुड़े हुए हैं और दोनों ग्रुप मिलकर साझा कारोबार का संचालन करते हैं। इसी बिजनेस नेटवर्क और भारी-भरकम वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी तथा कर चोरी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद आयकर विभाग ने रणनीतिक तौर पर इनसे जुड़ी फर्मों के ठिकानों पर एक साथ यह शिकंजा कसा है। आयकर विभाग की टीमें इस समय ठिकानों पर मौजूद रहकर दस्तावेजों और खातों की किताबों की जांच में जुटी हुई हैं। हालांकि, विभाग के अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान या विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारों का मानना है कि छापेमारी और दस्तावेजों की यह लंबी जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी से जुड़े तथ्यों और संभावित वित्तीय गड़बड़ियों की वास्तविक स्थिति खुलकर सामने आ सकेगी।

राहुल गांधी फिर विदेश में गरजे

न्यूयार्क,18 नवंबर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक बार फिर विदेशी धरती पर अपने चिर-परिचित अंदाज में भारत सरकार की नीतियों की आलोचना करते नजर आए। अबकी बार अमेरिका में उन्होंने कहा कि भारत एक ''आर्थिक आपदा'' की कगार पर खड़ा है। भारी बेरोजगारी, चरमराते मैन्युफैक्चरिंग आधार और शिक्षा प्रणाली की गहरी समस्याओं का जिक्र करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि अगर देश इसी आर्थिक रास्ते पर चलता रहा, तो वह गंभीर संकट में फंस सकता है। मंगलवार को न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के आर्थिक मॉडल ने ''लगभग एक दशक पहले ही नतीजे देना बंद कर दिया था''। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्ट-अप इंडिया' जैसी सरकारी पहलों की आलोचना करते हुए कहा कि ये देश की ''टूटी हुई'' आर्थिक रीढ़ को फिर से मजबूत करने में विफल रही हैं।

उन्होंने कहा, ''सीधी बात यह है कि भारत एक आर्थिक आपदा की कगार पर है। यही हकीकत है। कोई इसे नजरअंदाज कर सकता है, मीडिया भी इसे अनदेखा कर सकता है, लेकिन भारत में बेरोजगारी की एक बहुत



बड़ी समस्या है। भारत की शिक्षा प्रणाली में भी बहुत बड़ी दिक्कतें हैं।''मंगलवार सुबह न्यूयॉर्क पहुंचे राहुल गांधी यूनिवर्सिटी में सैकड़ों छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम व्यवसाय तथा कृषि, भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और रोजगार पैदा करने के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को फिर से खड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था की रीढ़ छोटे और मध्यम व्यवसाय हैं – जो रोजगार पैदा करने का इंजन हैं – और कृषि। भारत में ये चीजें बुनियादी और जरूरी हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि ''अर्थव्यवस्था की यह रीढ़ टूट चुकी है।'' राहुल गांधी ने कहा, ''आप सर्विस सेक्टर के जरिए इतने सारे लोगों को नौकरियां नहीं दे सकते। ऐसा मुमकिन ही नहीं है। आप शायद 1%, 2%, 3% या 5% लोगों को रोजगार दे दें, लेकिन सर्विस सेक्टर के भरोसे आप हर किसी को एक बेहतर भविष्य नहीं दे सकते। और हमने तो मानो यह तय ही कर लिया है कि हमें मैन्युफैक्चरिंग की कोई जरूरत ही नहीं है।''उन्होंने निजी निवेश की कमी पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि केवल कुछ बड़े बिजनेस ग्रुप – जिनमें गौतम अडानी और मुकेश अंबानी की कंपनियां शामिल हैं – ही आगे बढ़ रहे हैं, जबकि छोटे व्यवसाय संघर्ष कर रहे हैं। ''भारत में निजी निवेश क्यों नहीं हो रहा है? भारत में केवल अडानी और अंबानी जैसे कारोबारी घराने ही क्यों आगे बढ़ रहे हैं? टाटा को असल में मिस्टर अडानी द्वारा क्यों हथियाया जा रहा है?'' गांधी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा बहुत मेहनत से तैयार किए गए आर्थिक ढांचे को कमजोर कर दिया गया है। उन्होंने इसे फिर से बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) आधार के बिना भारत का सफल विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम मैन्युफैक्चरिंग के बिना सफलतापूर्वक आगे नहीं बढ़ सकते, यह मुमकिन ही नहीं है।''

ब्लड कैंसर से जूझ रही 3 साल की काव्या ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लगाई मदद की गुहार

रायपुर,18 नवंबर। रायपुर एम्स (AIIMS) में भर्ती महज 3 साल 9 महीने की मासूम काव्या ब्लड कैंसर से जूझ रही है। गंभीर बीमारी से लड़ रही इस बच्ची के परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। काव्या के पिता भूमिहीन किसान हैं और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में बेटी के इलाज का खर्च उठाना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है। अब मासूम काव्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखी इस भावुक चिट्ठी में मासूम काव्या प्रधानमंत्री से कहती है, ''आपसे एक बात पूछूं? क्या मैं आपको दादाजी कह सकती हूं? मेरी उम्र अभी सिर्फ 3 साल और 9 महीने है। मैं बहुत छोटी हूं। मुझे दुनिया की बहुत सारी बातें समझ नहीं आतीं, लेकिन इतना जरूर समझती हूं कि मैं बीमार हूं और मेरे मम्मी-पापा बहुत परेशान हैं।''काव्या कहती है पता है दादाजी मैं पिछले कुछ दिनों से एम्स रायपुर में भर्ती हूं। इससे पहले उसका इलाज रायगढ़ के अस्पताल में चल रहा था। डॉक्टर और नर्स उसकी देखभाल कर रहे हैं और माता-पिता भी दिन-रात उसके पास रहते हैं। हालांकि, उसने कई बार अपने मम्मी-पापा को रोते हुए देखा है। चिट्ठी में वह आगे लिखती है कि एक दिन उसने डॉक्टर और अपने पापा को उसकी बीमारी और जिंदगी के बारे में बात करते सुना। उनकी बातें सुनकर उसे डर लगने लगा और ऐसा महसूस हुआ कि शायद वह अब घर वापस नहीं जा पाएगी। काव्या ने बताया कि उसे ब्लड कैंसर है, लेकिन उसे यह नहीं पता कि कैंसर क्या होता है और उसे यह बीमारी क्यों हुई। क्या यह ज्यादा चॉकलेट खाने से हुआ है? क्या खेतों में इस्तेमाल होने



वाले रासायनिक खाद और दवाइयों से ऐसा होता है? मुझे कुछ नहीं पता दादाजी। लेकिन मैंने तो अभी ठीक से जीना भी शुरू नहीं किया है।''

डॉक्टर बनना चाहती है मासूम काव्या-अपनी छोटी-सी दुनिया और सपनों का जिक्र करते हुए काव्या लिखती है कि कुछ दिन पहले तक वह आंगनबाड़ी जाती थी। वहां बच्चों के साथ खेलती थी और धीरे-धीरे पढ़ना सीख रही थी। उसे खिलौनों से खेलना, मां की गोद में सोना और पापा के साथ घूमना अच्छा लगता है। काव्या का सपना बड़ा होकर डॉक्टर बनने का है। वह भी सफेद कोट पहनना चाहती है और अस्पताल में बीमार बच्चों का इलाज करना चाहती है, ताकि कोई बच्चा बीमारी की वजह से अपनी मां से दूर न हो। लेकिन आज वही मासूम खुद एक गंभीर बीमारी से जूझ रही है। चिट्ठी में काव्या ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति का भी जिक्र किया है। उसने लिखा है कि उसके पापा भूमिहीन किसान हैं। उनके पास अपनी जमीन नहीं है और वे मेहनत-मजदूरी करके परिवार चलाते हैं। उसे नहीं पता कि उसके इलाज में कितना खर्च हो रहा है और उसके पापा पैसों का इंतजाम कैसे कर रहे हैं। हालांकि, उसे इतना जरूर पता है कि उसके पापा उससे बहुत प्यार करते हैं और उसे बचाने के लिए अपनी पूरी दुनिया लगा देंगे।

खिलौना या चॉकलेट नहीं, बस थोड़ी-सी जिंदगी चाहिए-प्रधानमंत्री से मदद की अपील करते हुए काव्या ने लिखा है, ''दादाजी, क्या आप मेरे पापा की मदद नहीं कर सकते? मैं आपसे अपने लिए कोई खिलौना नहीं मांग रही। कोई चॉकलेट नहीं मांग रही। मैं बस थोड़ी-सी जिंदगी मांग रही हूं। मुझे बचा लीजिए दादाजी।'' उसने प्रधानमंत्री से अपने इलाज के लिए हर संभव चिकित्सा सहायता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करने की अपील की है। चिट्ठी के अंत में मासूम ने लिखा है कि उसे अभी स्कूल जाना है, आंगनबाड़ी में खेलना है, अपने मम्मी-पापा के साथ घर लौटना है और डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा करना है।

भारत ने बनाई बर्ड फ्लू की पहली स्वदेशी वैक्सीन

नई दिल्ली,18 नवंबर। एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के खतरे से मुर्गियों और पोल्ट्री उद्योग को बचाने के लिए भारत ने बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल कर ली है. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 नवंबर, 2026 को भोपाल में मुर्गियों के लिए बनाई गई. भारत की पहली स्वदेशी H5N1 वैक्सीन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. वैक्सीन को लेकर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी किया है.भारत ने बर्ड फ्लू के खिलाफ बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए H5N1 वायरस की पहली स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर ली है. इस वैक्सीन के सभी तकनीकी टेस्ट पूरे हो गए हैं. भोपाल स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग अनुसंधान संस्थान ने मुर्गियों के लिए देश की विकसित की है. भोपाल स्थित ICAR-NIHSAD द्वारा विकसित यह टीका मुर्गियों को HPAI से होने वाले भारी आर्थिक नुकसान से बचाएगा.ICAR-NIHSAD की ओर स्वदेशी रूप से विकसित यह वैक्सीन भारत में H5N1 एचपीएआई वायरस के क्लेड 2.3.2.1A के खिलाफ विकसित अपनी तरह की पहली वैक्सीन है. वैक्सीन को लेकर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी किया है. भारत के पोल्ट्री किसानों के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी आई है. पहली स्वदेशी इनएक्टिवेटेड H5N1 एवियन इन्फ्लुएंजा वैक्सीन मुर्गियों को HPAI से होने वाले भारी आर्थिक नुकसान से बचाएगा. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि HPAI को आमतौर पर बर्ड फ्लू कहा जाता है. ये मुर्गियों और अन्य पक्षियों को प्रभावित करने वाली एक गंभीर बीमारी है. इसके प्रकोप से संक्रमित पक्षियों की 100 मौत तय होती है. इससे बड़े पैमाने पर पक्षियों को मारने और व्यापार पर बैन लगने के कारण पोल्ट्री किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता है.केंद्र के मुताबिक, बर्ड फ्लू का एक बड़ा प्रकोप भारत की जीडीपी वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक कम कर सकता है.



कुलगाम मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का लतीफ भट हुआ ढेर

श्रीनगर,18 नवंबर। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है. इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर लतीफ भट की मौजूदगी का पता चला था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने यह अभियान चलाया. पूरे इलाके की घेराबंदी की की गई. दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में लतीफ भट मारा गया. जानकारी के मुताबिक सुरक्षा बलों ने बुधवार को तलाशी अभियान चलाया था. लतीफ कुलगाम नवपुरा CRPF हमले में शामिल था जिसकी तलाश की जा रही थी.जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हो गई है. अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम ने इलाके में आतंकियों को घेर लिया है. कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार कुलगाम में पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी के साथ आतंकियों की मुठभेड़ जारी है.पुलिस ने मंगलवार को सोमवार को हुई एक अन्य मुठभेड़ में मारे गए आतंकी उमर निसार डार के बारे में अहम जानकारियां साझा की हैं. इसके बाद बुधवार सुबह करीब 4 बजे जंगलपोरा इलाके में गोलीबारी शुरू हो गई. मंगलवार देर रात खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान (cordon-शुरू किया था. जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर को उमर निसार डार और लतीफ भट ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए मीर बार, अखरान, हबलिश और किलाम समेत कई इलाकों की रेकी की थी.



रूस में बड़ा विमान हादसा,17 लोगों की मौत

मास्को,18 नवंबर। रूस में मंगलवार, 17 नवंबर को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। दक्षिणी रूस के केमेरोवो ओब्लास्ट में एक An-12 सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी 17 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा यागुनोवो गांव के पास एक स्थानीय हवाई अड्डे के नजदीक हुआ। घटना के बाद इलाके में आपातकालीन सेवाओं को तैनात कर दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, विमान दुर्घटना मंगलवार रात करीब 9:30 बजे हुई। कुज़बास क्षेत्र के गवर्नर इल्या सेरेड्युक ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किया गया है। यहां चिकित्सा कर्मियों,



पुलिस, आपातकालीन सेवाओं और नेशनल गार्ड के जवानों को तैनात किया गया है, ताकि राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा सके। रूस के सरकारी टीवी चैनल 'रेन टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार, विमान में आग लगने के बाद चालक दल ने आखिरी क्षण तक उसे रिहायशी इलाकों से दूर ले जाने की कोशिश की। हालांकि, विमान यागुनोवो गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इस हादसे में किसी की जान नहीं बच सकी। दुर्घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन एजेंसियां घटनास्थल पर मौजूद हैं। फिलहाल विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के सटीक कारणों को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इस विमान हादसे ने रूस में सैन्य विमानन सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारियों की ओर से जांच के बाद दुर्घटना से जुड़ी अन्य जानकारियां सामने आने की उम्मीद है।

पारदर्शिता और सुव्यवस्थित व्यवस्था के साथ हो धान खरीदी: रीना बाबा साहेब कंगाले

रायपुर, 18 नवम्बर । छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का महाभियान पूरी गति से संचालित हो रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर से शुरू हुए इस महाभियान के तहत प्रदेश के लगभग 28 लाख पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। किसानों की सुविधा और खरीदी व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष 360 नए धान उपार्जन केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। इस तरह प्रदेश में लगभग 3100 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है।

इसी क्रम में खाद्य सचिव श्रीमती रीनाबाबा साहेब कंगाले ने आज रायपुर जिले के अभनपुर, पचेड़ा और केंद्री धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने धान तौल प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा उपार्जन केंद्रों में पहुंचे किसानों से सीधे चर्चा कर धान विक्रय, टोकन व्यवस्था और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।श्रीमती कंगाले ने कंप्यूटर कक्ष में बैठकर किसानों के रकबा पंजीयन और ऑनलाइन टोकन जारी करने की प्रक्रिया का भी परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट



निर्देश दिए कि धान खरीदी में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र किसान से उसका धान सहजता और सुव्यवस्थित तरीके से खरीदना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खाद्य सचिव श्रीमती कंगाले ने किसानों को राज्य सरकार के किसान हितैषी निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत यदि कोई किसान एक एकड़ में 10 से 15 क्विंटल धान का ही उत्पादन करता है और उतनी ही मात्रा में धान का विक्रय करता है, तब भी उसे कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता राशि देय होगी। उन्होंने अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा प्रत्येक किसान तक इसकी जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि कम उत्पादन करने वाले किसानों को भी योजना का पूरा लाभ मिल सके।

उन्होंने उपार्जन केंद्रों में धान की विभिन्न किस्मों के व्यवस्थित रखरखाव पर विशेष जोर देते हुए मोटा, पतला, महामाया और सुगंधित धान के अलग-अलग स्टेक तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि किसी किसान को रकबा पंजीयन में किसी प्रकार की त्रुटि या परेशानी आ रही है, तो नियमानुसार उसका निराकरण एवं आवश्यक संशोधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान धान विक्रय से वंचित न रहे।

पचेड़ा सहकारी समिति में निरीक्षण के दौरान खाद्य सचिव श्रीमती कंगाले ने किसानों से चर्चा की। इस दौरान थनौद निवासी किसान श्री परसराम साहू ने बताया कि उनके पास 3.80 एकड़ कृषि भूमि है और आज उन्होंने 100 कट्टा धान का विक्रय किया है। उन्होंने राज्य सरकार की किसान हितैषी व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब कम उत्पादन होने पर किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान जुटाने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। किसान अपनी वास्तविक उपज के अनुरूप सहजता से धान बेच सकेंगे। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।इस मौके पर खाद्य विभाग के उप सचिव श्री विभोर अग्रवाल, रायपुर जिले के खाद्य नियंत्रक श्री भूपेन्द्र मिश्रा सहित समिति के अधिकारी-कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि धान खरीदी महाभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 15 नवंबर को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ और 16 नवंबर को बिलासपुर जिले के सेंदरी से किया है। राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों को धान विक्रय के लिए सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित



राज्य अंतर जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में महिला टीम ने जीता कांस्य पदक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। 21वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जिला महिला वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। टीम की खिलाड़ी कोमल सिंह को सर्वश्रेष्ठ अटैकर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एनटीपीसी लारा एवं जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन रायगढ़ के संयुक्त आयोजन में संपन्न इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 62 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें पुरुष वर्ग की 38 और महिला वर्ग की 24 टीमें शामिल थीं। सेमीफाइनल में दुर्ग का मुकाबला एसएआई रायपुर की मजबूत टीम से हुआ। जिसमें दुर्ग को हार का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट में दुर्ग की खिलाड़ियों ने शानदार वापसी करते हुए सेट पॉइंट तक मुकाबला पहुंचाया, लेकिन कुछ गलतियों के चलते सेट 25-27 से गंवा दिया। इसके बाद एसएआई रायपुर ने तीसरा सेट जीतकर फाइनल में जगह बना ली।

एक नजर

मकान का ताला तोड़कर चोरी



भिलाई, 18 नवंबर (तछसं.)। भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम डुंडेरा स्थित कचरू नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी करने के मामले में उतई थाने पुलिस ने फरार आरोपी अजय धनकर (19 साल) को गिरफ्तार किया है आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी के सामान की बिक्री और अन्य लोगों की संलिप्तता से जुड़े पहलुओं का भी खुलासा हुआ है। इस मामले में पूर्व में चार आरोपियों और दो अपचारी बालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि सदीश कुमार (46 साल) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भाई आनंदु सुकुमारन का मकान कचरू नगर में सरस्वती मंच के पास स्थित है भाई के विदेश में रहने और परिवार के अन्यत्र निवास करने के कारण मकान लंबे समय से बंद था। इसी का फायदा उठाकर 7 और 8 अक्टूबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोर मकान के पीछे स्थित किचन का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और एलईडी टीवी, लैपटॉप, फ्रिज, वाशिंग मशीन, पंखे, सोने-चांदी के आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज समेत करीब 1.60 लाख रुपये का सामान पार कर ले गए मामले में उतई थाने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 305, 331 (4), 317 (2) और 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पहले तीन वयस्क आरोपियों और दो अपचारी बालकों को पकड़ा था चोरी का सामान खरीदने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

आत्महत्या का कारण पता नहीं चला

भिलाई, 18 नवंबर (तछसं.)। भिलाई आकाशगंगा स्थित हिमालय कॉम्प्लेक्स परिसर में शनिवार शाम को आईफोन खरीदने पहुंचे निहाल सिंह की कॉम्प्लेक्स के टॉयलेट में फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला अभी अधूरा है इस कदम को लेकर कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है पुलिस मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) सहित अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की जांच पुलिस कर रही है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम करीब 4.30 बजे निहाल सिंह पिता अरुण सिंह (28 साल) निवासी रामनगर हिमालय कॉम्प्लेक्स स्थित एक मोबाइल दुकान में आईफोन खरीदने पहुंचा था और उसने आईफोन पसंद किया और फाइनेंस की पूरी प्रक्रिया भी पूरी हो गई थी। इसी दौरान उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया। कॉल आने के बाद वह कुछ तनाव में नजर आया और दुकान से नीचे चला गया। कुछ देर बाद जानकारी मिली कि निहाल ने कॉम्प्लेक्स परिसर के टॉयलेट में खिड़की से गमछा बांधकर फांसी लगा ली थी। फिलहाल निहाल द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। मोबाइल खरीदने के बाद आए फोन और उसके बाद निहाल के तनाव में आने की जानकारी भी पुलिस जांच के दायरे में है ने बताया कि मामले में मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही है ।

गौमाता की सेवा और संरक्षण के लिए किसान आगे आएं, पैरादान करने वाले पाटन दानवीर रत्न से होंगे सम्मानित: योगेश निक्की भाले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 18 नवंबर। गौमाता की सेवा, संरक्षण और संवर्धन भारतीय संस्कृति एवं हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। गौसेवा धार्मिक कार्य के साथ - साथ सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता का प्रतीक है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष श्री योगेश निक्की भाले जी ने नगरवासियों, किसानों एवं पशुपालकों से नगर पंचायत पाटन द्वारा संचालित गौठान के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पैरा दान करने की भावपूर्ण अपील की है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री योगेश निक्की भाले जी ने कहा कि नगर पंचायत पाटन द्वारा संचालित गौठान में वर्तमान में लगभग 450 गौमाताओं का संरक्षण एवं देखभाल की जा रही है। इन सभी गौमाताओं के समुचित भरण-पोषण के लिए नियमित रूप से पैरा की आवश्यकता होती है। खेतों में धान कटाई प्रारंभ हो चुका है, किसान धान कटाई करने के बाद पैरा को जला देते है



या ऐसी छोड़ देते है। ऐसे नहीं करने से खेतों की सफाई एवं कृषि कार्यों के दौरान बड़ी मात्रा में पैरा उपलब्ध हो सकता है, जिसका सदुपयोग गौमाताओं के भरण-पोषण में किया जा सकता है।

नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने आगे किसानों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि किसान भाई अपनी फसल की कटाई के बाद खेतों में उपलब्ध पैरा को जलाने एवं अनुपयोगी समझकर छोड़ने के बजाय गौठान के लिए दान करें। आपका थोड़ा-सा सहयोग भी सैकड़ों गौमाताओं के भोजन की व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। यह पहल गौमाता के संरक्षण में सहायक होगी साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक कदम साबित होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने आगे कहा कि हमारी सनातन मान्यताओं में गौमाता में 56 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है। गौमाता की सेवा को पुण्य का कार्य बताया गया है। कलियुग में गौसेवा से बड़ा कोई सेवा का माध्यम नहीं है।

नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने आगे यह भी घोषणा की कि गौठान के लिए पैरा दान करने वाले किसानों एवं दानदाताओं को आगामी मंडाई के अवसर पर ÷पाटन दानवीर रत्न÷ सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, ताकि गौसेवा के इस पुनीत कार्य में योगदान देने वाले लोगों का उत्साहवर्धन हो और अन्य लोग भी इससे प्रेरित होकर पैरादान करने के लिए आगे आ सके। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री योगेश निक्की भाले जी ने समस्त क्षेत्रवासियों को इस अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप देकर पाटन को गौसेवा एवं संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनाने का आह्वान किया।



वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच मनाई खुशियों की दीपावली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के सदस्यों ने फील परमार्थम वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों के साथ खुशियों की दीपावली मनाई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने वृद्धजनों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समिति की ओर से उनके उपयोग के लिए डायपर भी भेंट किए गए। समिति के अध्यक्ष जी. माधव राव ने कहा कि दीपावली पर जिस तरह अंधकार दूर करने के लिए दीपक जलाए जाते हैं, उसी तरह प्रत्येक व्यक्ति को अपने हृदय में इंसानियत का दीप जलाना चाहिए।

चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन, कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर मतदाता सूची तैयार करने सहित निर्वाचन संबंधी विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में भिलाई, भिलाई-चरोदा, रिसाली और जामुल नगरीय



निकायों की मतदाता सूची तैयार करने की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विशेष रूप से 20 नवंबर तक क-1 आवेदन भरवाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों के नाम विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज हैं, वे क-1 आवेदन भरकर संबंधित नगरीय निकाय की मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए बीएलओ घर-घर पहुंचकर पात्र नागरिकों से आवेदन भरवाएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।उन्होंने मतदान केंद्रों पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल तथा उचित बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भिलाई, रिसाली भिलाई-चरोदा और जामुल के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

भिलाई, 18 नवंबर। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के संचालन हेतु नगर निगम भिलाई श्रीमती लीना कोसम (भा.प्र.से.), आयुक्त नगर निगम दुर्ग को महापौर पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति व निर्वाचन प्रक्रिया के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर निगम रिसाली खेमलाल वर्मा अपर कलेक्टर को महापौर पद हेतु रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। नगर निगम भिलाई चरौदा श्रीमती मोनिका वर्मा आयुक्त नगर निगम रिसाली को महापौर पद हेतु रिटर्निंग ऑफिसर का दायित्व सौंपा गया है।



कफ सिरप सहित युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। भिलाई नगर थाने पुलिस ने सिविक सेंटर सेक्टर-6 स्थित जयंती स्टेडियम तालाब के पास दबिश देकर खंडहर में छिपाकर रखी गई प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कोडीन युक्त कफ सिरप की 20 शीशियां बरामद की गई हैं। जिसकी मात्रा 2 लीटर और अनुमानित कीमत 23 हजार 530 रुपये बताई गई है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि जयंती स्टेडियम तालाब के पास स्थित एक खंडहर में एक व्यक्ति नशीली कफ सिरप रखकर उसकी अवैध बिक्री कर रहा है पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की इस दौरान संदेह के आधार पर गांधी चौक निवासी आरोपी सागर कंडरा उर्फ मग्गा (26 साल) को पकड़ लिया गया 20 सीसी नशीली सिरप किया जब्त पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो नशीला सिरप मिला कड़ाई से पूछताछ करने पर खंडहर से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की 20 शीशियां मिलीं प्रत्येक शीशी 100 मिलीलीटर की थी जब्त सिरप में कोडीन फॉस्फेट और क्लोरफेनिरामाइन मैलेट के तत्व पाए गए हैं इस तरह 2 हजार मिलीलीटर यानी 2 लीटर सिरप बरामद की गई आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 8 एवं 21 (सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है उसे न्यायिक अभिरक्षा पर जेल भेज दिया गया है।

गोकुलधाम में श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 18 नवंबर। कहीं रुक्मिणी के अटूट प्रेम की पुकार थी तो कहीं अन्याय के विरुद्ध भगवान श्रीकृष्ण के पराक्रम की गाथा। कहीं सत्य की प्रतिष्ठा का प्रसंग था तो कहीं निर्धन सुदामा के प्रति द्वारकाधीश का निष्कपट स्नेह। रामनगर स्थित गोकुलधाम में श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े इन प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। व्यासपीठ से आचार्य सुमीत भारद्वाज ने रुक्मिणी विवाह, स्यमंतक मणि उपाख्यान, भौमासुर उद्धार और सुदामा चरित्र का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया कि कथा पंडाल में भक्ति के साथ प्रेम, करुणा और धर्म के संदेश भी गूंजते रहे।

रुक्मिणी का समर्पण, जिसे स्वीकार करने स्वयं पहुंचे भगवान

रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य और जीवनसाथी स्वीकार



कर लिया था। जब उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया गया तो उन्होंने श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर अपनी व्यथा बताई। भक्त की पुकार पर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं पहुंचे और रुक्मिणी को अपने साथ ले जाकर विवाह किया। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि सच्चा प्रेम स्वार्थ से नहीं, बल्कि अटूट विश्वास और समर्पण से पहचाना जाता है।

स्यमंतक मणि प्रसंग में सत्य की प्रतिष्ठा

स्यमंतक मणि की कथा के माध्यम से आचार्य ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण पर मणि को लेकर आरोप लगाए गए, लेकिन उन्होंने सत्य को सामने लाकर अपनी निष्कलंकता सिद्ध की। प्रसंग का मर्म यह रहा कि आरोपों और संदेहों के बीच भी सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। बिना प्रमाण किसी पर दोष मढ़ना उचित नहीं है।

अत्याचार का अंत कर बंदी कन्याओं को दिलाई मुक्ति

भौमासुर उद्धार का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण के पराक्रम का वर्णन किया। अत्याचारी भौमासुर ने अनेक कन्याओं को बंदी बना रखा था। भगवान श्रीकृष्ण ने उसका अंत कर उन्हें मुक्त कराया। इस लीला के माध्यम से अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, निर्बलों की रक्षा और धर्म की स्थापना का संदेश दिया गया।सुदामा के प्रेम के आगे झुक गया द्वारका का वैभव सुदामा चरित्र ने कथा को भावनाओं के चरम तक पहुंचा दिया। आचार्य ने बताया कि निर्धन सुदामा जब अपने बालसखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे तो भगवान ने राजसी वैभव और अपने पद की मर्यादा से ऊपर उठकर मित्र को गले लगाया। उनके चरण पखारे और सुदामा के लाए हुए साधारण चावलों को भी प्रेमपूर्वक स्वीकार किया। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को बताया कि सच्चे रिश्तों की कीमत धन-दौलत से नहीं, बल्कि प्रेम और अपनत्व से तय होती है।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भिलाई, रिसाली और चरोदा में टिकट के दावेदार सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। अगले महीने प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव की आहट के साथ ही भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा नगर निगम के साथ जामुल में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। पार्षद और महापौर पद के संभावित दावेदार अपनी सक्रियता बढ़ाने लगे हैं। वहीं प्रमुख राजनीतिक दल संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति तैयार करने में जुट गए हैं। जहाँ तक प्रदेश सरकार में बैठी भाजपा का सवाल है तो उसने सितंबर से ही भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा नगर निगमों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त कर संगठनात्मक तैयारियों की शुरुआत कर दी थी। इसके बाद वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी समीकरणों का आकलन करने की गतिविधियां बढ़ीं। हाल ही में 13 नवंबर को रिसाली नगर निगम चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यकर्ताओं की विस्तृत बैठक लेकर चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। वहीं 12 नवंबर को चरोदा मंडल की मासिक बैठक भी आयोजित हुई। वहीं कांग्रेस पार्टी की रणनीति के अनुसार वार्ड कमेटियों से संभावित प्रत्याशियों के नाम और स्थानीय परिस्थितियों के संबंध में सुझाव लिए जा रहे हैं। तीनों निकायों की अलग-अलग समस्याओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि दोनों प्रमुख दल वार्ड स्तर पर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की तैयारी में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निकाय क्षेत्रों का दौरा कर बैठकें की हैं और दारोमदार उन्हीं पर होगा । महापौर पद को लेकर संभावित दावेदारों के नामों पर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो चुकी है। 70 वार्डों वाले इस निगम में स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ संगठनात्मक समीकरण भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

रिसाली नगर निगम में भी चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा की ओर से कार्यकर्ताओं की बैठक और संगठनात्मक संपर्क अभियान पर जोर दिया जा रहा है। वहीं कांग्रेस भी वार्ड स्तर पर अपनी रणनीति तैयार करने में जुटी है।

भिलाई-चरोदा नगर निगम में भी चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के निधन के बाद क्षेत्र के राजनीतिक समीकरणों को लेकर भी चर्चाएं हो रही हैं। उनके प्रभाव और स्थानीय राजनीतिक संपर्कों से जुड़े नए समीकरणों पर दोनों प्रमुख दलों की नजर रहेगी। इस बार भिलाई, रिसाली और चरोदा में चुनावी मुकाबले का केंद्र स्थानीय विकास, जनसुविधाएं और वार्डों में नेताओं की सक्रियता रहने वाली है।

जन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं :डीएम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों को जन शिकायतों से जुड़े मामलों का गंभीरतापूर्वक और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में उन्होंने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान सेवा-सेतु, पीजीएन, जनदर्शन और वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। कलेक्टर ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मुआवजा राशि वितरण तथा स्वामित्व योजना के तहत तैयार किए गए प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित एसडीएम को किसानों की स्वीकृत मुआवजा राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में भारतमाला परियोजना का कार्य तेजी से पूरा कराया जा सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी का कार्य किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपनी आवश्यकतानुसार कमरों की संख्या एवं अन्य जरूरतों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि नए भवन का ड्राइंग एवं डिजाइन तैयार कराया जा सके। बैठक में नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरुचि सिंह, नगर निगम दुर्ग की आयुक्त सुश्री लीना कोसम, एडीएम वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ बी.के. दुबे, अपर कलेक्टर श्रीमती सिल्ली थॉमस एवं खेमलाल वर्मा सहित सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन में संजय शर्मा को मिली जिम्मेदारी

भिलाई, 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने संगठनात्मक विस्तार एवं कर्मचारी-अधिकारी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फेडरेशन ने प्रदेश के पांचों संभागों में संभागीय समन्वयकों की नियुक्ति की है। इसके तहत दुर्ग संभाग की जिम्मेदारी नगर निगम भिलाई में कार्यरत संजय शर्मा को सौंपी गई है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा द्वारा 17 नवंबर को जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके संबंधित संभागों का संभागीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार दुर्ग संभाग से संजय शर्मा, बिलासपुर संभाग से संदीप चंद्राकर, सरगुजा संभाग से संजय पांडे, रायपुर संभाग से सुभाष सोनकर तथा बस्तर संभाग से ऋषभ ठाकुर को संभागीय समन्वयक नियुक्त किया गया है।



6 म्यूल खाताधारक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 नवंबर। थाना सुपेला, पद्मनाभपुर, मोहन नगर एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कमीशन के लालच में बैंक खाते, एटीएम एवं सिम कार्ड उपलब्ध कराकर साइबर ठगी की रकम का लेन-देन करने वाले 06 म्यूल खाताधारक को गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार साइबर अपराधों में प्रयुक्त म्यूल बैंक खातों की पहचान कर उनके खाताधारकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान चलाकर थाना सुपेला, पद्मनाभपुर एवं मोहन नगर क्षेत्र के कुल 06 बैंक खाताधारकों के विरुद्ध कार्रवाई की है जांच में पाया कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा कमीशन आर्थिक लाभ के लालच में अपने बैंक खातों की पासबुक, एटीएम कार्ड चेकबुक एवं उनसे संबंधित मोबाइल सिम कार्ड एजेंटों के माध्यम से अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध कराए गए थे। इन बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त अवैध धनराशि को विभिन्न खातों में स्थानांतरित करने एवं प्राप्त करने के लिए किया जा रहा था। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि खाताधारकों ने अपने बैंक खाते एवं उनसे संबंधित दस्तावेज 5 हजार रुपये से 15 हजार रुपये तक के कमीशन प्रतिफल के बदले उपलब्ध कराए गए थे। संबंधित खातों में साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी लाखों रुपये से अधिक की राशि का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। इस मामले में थाना सुपेला में तीन खाताधारक आशिष कुमार साहू (8 साल) निवासी इस्पात नगर रिसाली, नीतेश मसीह (6 साल) निवासी चरोदा थाना पुरानी भिलाई, धरम राज तिवारी (51 साल) निवासी मॉडल टाउन, थाना पद्मनाभपुर में दो खाताधारक अमित मिश्रा (2 साल) निवासी रावतभाटा चौक जवाहर नगर थाना सुपेला, गिरजा सिन्हा (2 साल) निवासी शक्ति नगर थाना मोहन नगर व रविन्द्र कुमार दीवान (42 साल) निवासी ग्राम कादुल थाना अर्जुन्दा जिला बालोद पर कार्रवाई की है ।

संक्षिप्त समाचार

जो चीज आपके वश में हो उसे ही देने का वादा करो:श्रेयांशप्रभ जी

राजनांदगांव 18 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि जो चीज आपके वश में हो उसे ही किसी को देने का वादा करें। जो चीज आपके वश में ही नहीं है उसे आप कैसे दे सकते हैं। उन्होंने जैन रामायण की कथा को आगे सुनाते हुए कहा कि कैकई के लिए राम, लक्ष्मण, भरत,शत्रुघ्न ये चारों ही समान थे। उन्होंने कभी राम के वनवास जाने की इच्छा नहीं जताई थी। मीडिया प्रभारी विमल हजरा ने बताया कि आज अपने चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में ज्ञान वल्लभ उपसरा भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि राजा दशरथ संयम लेना चाहते थे और उनके साथ ही भरत और शत्रुघ्न भी संयम लेना चाहते थे। भरत संयम ना ले इसलिए उन्होंने उसके लिए राज्य पाठ मांगा था और राम ने वनवास जाने की इच्छा इसलिए जताई थी कि उनके बिना वनवास जाए भरत राज गद्दी में नहीं बैठता। इससे पूर्व धर्म सभा को जैन मुनि मौलिकप्रभ सागर जी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आत्म कल्याण के लिए सिर्फ 10 मिनट अपने आपको दो और सोचो कि आप किसलिए इस दुनिया में आए हो और आपको क्या करना चाहिए? आपको अच्छी तरह सोचकर ही अपने कार्य को तय करना चाहिए। मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने कहा कि 10 मिनट का आत्म चिंतन आपकी दशा और दिशा दोनों ही बदल देगा और आप बेहतर महसूस करेंगे। सभा में बेंगलुरू निवासी राजेश मेहता का 468 वां उपवास पूर्ण करने पर बहुमान किया गया।



महापौर के निर्देश पर लखोली वार्ड नं. 32 के जर्जर शौचालय का होगा जीर्णोद्धार

राजनांदगांव,18 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर निगम राजनांदगांव के लखोली वार्ड क्रमांक 32 में आंगनबाड़ी केंद्र के समीप एवं स्कूल के पीछे स्थित सार्वजनिक शौचालय पिछले कई वर्षों से जर्जर अवस्था में था। दरवाजे, छज्जे व सीटें टूटी-फूटी और दुर्गंध से वार्डवासी परेशान थे। निगम द्वारा भी इसे पूर्व में अनुपयोगी घोषित किया गया था।इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद निर्मलकर ने महापौर श्री मधुसूदन यादव जी को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित कराया। पार्षद के प्रयास पर महापौर जी ने तत्परता दिखाते हुए जीर्णोद्धार हेतु राशि स्वीकृत की है। अब इस जर्जर शौचालय को तोड़कर सर्वसुविधायुक्त नया शौचालय बनाया जाएगा, जिसमें पुरुष, महिला एवं दिव्यांगजनों हेतु पृथक स्नानागार सहित आधुनिक सुविधाएं होंगी। राशि स्वीकृत होने पर पार्षद ने महापौर जी का वार्डवासियों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया। इस पहल पर वार्डवासियों में हर्ष व्याप्त है।

साय की किसान हितैषी पहल से किसानों में उल्लास एवं खुशी

रायपुर, 18 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में आज समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महाअभियान में किसानों में उमंग, उत्साह और खुशी दिखाई दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार किसानों की सुविधा, समृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के साथ धान खरीदी की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए लागू की गई व्यवस्थाओं का लाभ अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है। 'किसान तुहर टोकन' मोबाइल ऐप और ग्रामीण क्षेत्रों में नए धान खरीदी केंद्रों की स्थापना जैसी पहल किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही हैं। अब किसानों को धान बेचने के लिए लंबी दूरी तय करने और टोकन प्राप्त करने के लिए बार-बार खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। शासन की इसी किसान हितैषी व्यवस्था का लाभ गौरेला-पेंड्रा- मरवाही के ग्राम पंचायत गोरखपुर निवासी किसान मोहम्मद अलीम खान को भी मिल रहा है। उन्होंने 'किसान तुहर टोकन' मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे ही 50 क्विंटल 40 किलो धान विक्रय के लिए ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मोबाइल से टोकन प्राप्त करने की प्रक्रिया बेहद आसान रही और उन्हें इसके लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।किसान मोहम्मद अलीम खान ने बताया कि पहले धान बिक्री के लिए टोकन प्राप्त करने की प्रक्रिया में किसानों को काफी समय और मेहनत लगानी पड़ती थी। कई बार टोकन संबंधी कार्यों के लिए खरीदी केंद्र तक जाना पड़ता था। लेकिन अब 'किसान तुहर टोकन' ऐप के माध्यम से घर बैठे ही मोबाइल पर टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा किसानों के लिए बेहद उपयोगी है। अब किसान बिना अनावश्यक भागदौड़ किए अपने मोबाइल से ही धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इससे समय की बचत होती है और किसान अपनी खेती-किसानी के अन्य कार्यों पर भी ध्यान दे पाते हैं।



जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास हमारी अमूल्य धरोहर : जायसवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 नवम्बर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल का पारंपरिक बायसन हॉर्न मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री वितरित की तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं महिलाओं को सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने जनजातीय क्षेत्र बूचाटोला के लिए 24 घंटे के भीतर



नवीन एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की घोषणा की। साथ ही अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आवश्यक निर्माण कार्यों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जनजातीय गौरव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनजातीय समाज छत्तीसगढ़ की पहचान और गौरव है। प्रकृति के प्रति प्रेम, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण तथा समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने में जनजातीय समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती तथा सिद्धू-कान्हू के त्याग, बलिदान एवं संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा कि इन महानायकों ने समाज को स्वाभिमान, अधिकारों की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सम्मान, उत्थान एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के अंतर्गत लगभग साढ़े 33 लाख लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा एक लाख से अधिक जरूरतमंदों को उपचार उपलब्ध कराया गया। प्रदेश के जिला चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अत्याधुनिक जांच सुविधाओं का विस्तार किया गया है, जहां 134 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। यहां लगभग 8 करोड़ रूपए की लागत से सीटी स्कैन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एमआरआई मशीन की स्थापना के लिए स्वीकृति एवं निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा शीघ्र ही इसकी सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में नवीन फिजियोथेरेपी कॉलेज स्वीकृत किया गया है, जिसमें आगामी शैक्षणिक सत्र से अध्ययन प्रारंभ करने की योजना है।

युवा हमारी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने में निभा रहे अहम भूमिका: कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव। मां लक्ष्मी युवा उत्सव समिति, शक्ति चौक सिंघोला द्वारा विगत दिनों महालक्ष्मी महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम 'लहर गंगा' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। आयोजन में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की मनमोहक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बड़े ही हर्ष और गौरव का विषय है कि युवा पीढ़ी हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक कला को आगे बढ़ाने के



लिए इस तरह के आयोजन कर रही है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सौहार्द को भी मजबूत करते हैं। मां लक्ष्मी आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनाए रखें ऐसी कामना करता हूं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, रोशन साहू, प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, खुशबू राकेश साहू, सरपंच मुकेश साहू, मोतीलाल साहू, योगेन्द्र वैष्णव, दिलीप सोनी, छोटू सिंघोलिया एवं गोपाल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष खुबलाल साहू, उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र साहू, राकेश साहू, लेखराम, रेखराम, नन्मूलाल, डोमर साहू, मंच संचालक टिकेश्वर साहू, अनिल साहू, विनय साहू, मितेश साहू, राजकुमार साहू, भूपेन्द्र साहू, माखन साहू, मनीष साहू, दिनेश साहू, कमलेश, भागीरथी साहू, यशवंत साहू, त्रिलोकचंद, जितेश्वर, हुलेश्वर, जितेन्द्र यादव, मोहर सिंह, किशन साहू, युवराज, गिरधारी, तेजराम, विजय साहू, सुनील, चुरेन्द्र, पंकज, समीर एवं हरीश साहू सहित समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

विकसित भारत-2047 के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका सबसे अहम- राज्यपाल रमेन डेका

रायपुर, 18 नवंबर.राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि भारत युवाओं का देश है, जहाँ देश की लगभग 35 प्रतिशत आबादी युवा है। यही युवा शक्ति देश को वर्ष 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने में सबसे अहम भूमिका निभाएगी। युवाओं की शिक्षा, कौशल, कड़ी मेहनत और नवाचार से ही देश की प्रगति की दिशा तय होगी। राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में जो भी कार्य करें, उसे पूरी लगन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें ताकि समाज और राष्ट्र का भला हो। राज्यपाल श्री डेका आज रायपुर के लोक भवन स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में 'मेरा युवा भारत' द्वारा आयोजित 'वंदे मातरम् राज्य युवा शिविर' में विभिन्न राज्यों से आए युवा स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। 17 से 23 नवंबर 2026 तक चलने वाले इस सात दिवसीय शिविर में महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर के युवा प्रतिभागी शामिल हुए हैं। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि ऐसे युवा शिविर अलग-अलग राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं और विचारों को जानने-समझने का बेहतरीन अवसर देते हैं। इससे आपसी सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और नेतृत्व क्षमताओं का विकास होता है। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे मातृभूमि के प्रति प्रेम, समर्पण और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया।

गौमाता भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग : राज्यपाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 18 नवंबर. राज्यपाल श्री रमेन डेका आज गोपाष्टमी के अवसर पर विश्वगीता धेनु गोविंद पक्षी सेवा धाम, परसदा, कुम्हारी पहुंचे। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण और गौ माता के दर्शन किए और उनकी पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने गौधाम में स्थापित पक्षी घर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने गौशाला का भ्रमण किया और गौ माता को चारा खिलाकर उनकी सेवा की। राज्यपाल श्री डेका ने प्रदेशवासियों को गोपाष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोपाष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के गोपाल स्वरूप और गौ माता के प्रति हमारी श्रद्धा एवं आस्था का पर्व है। भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। हालांकि गौसेवा केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बीमार, घायल, वृद्ध और बेसहारा गोवंश की देखभाल करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बढ़ते यातायात के कारण गोवंश के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में घायल गोवंश को समय पर उपचार उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस दिशा में गौ अस्पताल और रेस्क्यू सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सदियों से गौवंश पर आधारित रही है। गांवों में गोबर का उपयोग अनेक कार्यों में किया जाता था। गोबर और मिट्टी से बने घर पर्यावरण के अनुकूल होते थे। समय के साथ हमारी



पारंपरिक जीवनशैली में बदलाव आया है। हमें फिर से प्रकृति के अनुकूल जीवन पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि गोबर से बायोगैस और जैविक खाद को बढ़ावा देने से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सकती है।इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमें जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। गोबर से बनी खाद के उपयोग से खेती की गुणवत्ता और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि गोबर खाद के उपयोग को बढ़ावा देने से गोवंश का महत्व बढ़ेगा और लोग उनकी बेहतर देखभाल के लिए प्रेरित होंगे। प्रेरक वक्ता श्री उज्ज्वल पाटनी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए गौसेवा के लिए प्रत्येक व्यक्ति से अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। गौधाम के संरक्षक श्री गोपाल प्रसाद सुल्तानिया ने कहा कि सड़कों पर गौ माताओं की दुर्दशा और उनकी देखभाल की आवश्यकता को देखते हुए इस गौधाम की परिकल्पना की गई थी.

बाल रत्न मंच सेवा समिति ने मनाया गोपाष्टमी महामहोत्सव

राजनांदगांव,18 नवंबर। संस्कारधानी की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार के राहुल अग्रवाल संदेश जैन ने बताया कि सनातन धर्म और वेदों में वेद लक्षणा गौ माता का स्थान अत्यंत श्रेष्ठ पूजनीय और कल्याणकारी माना गया है । गौ माता को संपूर्ण विश्व की माता माना गया ।

33 कोटि देवताओं का वास -शास्त्रों के अनुसार गौ माता के अंगों में समस्त देवी देवताओं का वास और 14 भुवनो का वास है सिंग के मूल में ब्रह्मा विष्णु मस्तिष्क में महादेव और गोबर में माता लक्ष्मी का वास शरीर में अन्य देवी देवताओं का वास है ।

कामधेनु स्वरूप एवं पंचगव्य -संस्था के अर्पण खंडेलवाल ने कहा कि गौ माता को समस्त मनोकामनाओ को पूर्ण करने वाली कामधेनु कहा गया है जो समस्त प्राणियों को सुख समृद्धि और आरोग्य प्रदान करती है । और त्याग दया प्रेम वात्सल्य का प्रतीक माना क्या है गौ माता से प्राप्त होने वाले पंचगव्य दूध ,दही, घी,गोमूत्र गोबर शरीर को पोस्ट करने वाले और औषधि से भरपूर होते हैं आयुर्वेद में भी गौ उत्पादों का बड़ा स्थान है।

पौराणिक मान्यता -बाल रत्न और सेवा समिति के रितेश यादव ने बताया कि गौ चारण लीला पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण ने बाल्यावस्था से



इस दिन गौ चारण प्रारंभ किया था तभी से इस दिन को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाने लगा । समस्त गौ भक्तों को गोपाष्टमी महोत्सव में विभिन्न आयोजन करते हैं और गौ माता की भक्ति में समर्पित सेवाभाव से सेवा पूजन आराधना करते हैं । संस्था के सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि गोपाष्टमी महामहोत्सव के पावन पर्व पर शहर के विभिन्न स्थानों में गौ माता का जयघोष करते हुए शहर के गुरुद्वारा चौक, शीतला माता मंदिर, दिग्विजय कॉलेज चौक, दुर्गा चौक , मानव मंदिर चौक जय स्तंभ चौक, कामठी लाइन रामाधीन मार्ग में विभिन्न स्थानों पर गौ माता को तिलक लगाकर मौली का हार पहनाकर पुष्प वर्षा आरती उतारकर संस्था के सदस्यों द्वारा पूजन किया गया इस अवसर पर गौ माताओ को गुड रोटी हरी घास खिलाई गई । और गौ माता से विश्व मंगल कामना के साथ सभी के सुख समृद्धि और आरोग्य की कामना की गई । इस अवसर पर बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार के संदेश जैन ,राहुल अग्रवाल, अर्पण खंडेलवाल रितेश यादव एवं अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे । उपरोक्त जानकारी बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार के संदेश जैन सौरभ खंडेलवाल ने दी ।

नक्सलवाद के अंधकार से विकास के उजास तक

रायपुर, 18 नवंबर. गुजरात के एकता नगर स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' परिसर में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव 'भारत पर्व 2026' में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग ने एक बार फिर अपनी अनूठी कला और सकारात्मक बदलाव की तस्वीर से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। 1 से 15 नवंबर तक आयोजित इस भव्य आयोजन में बस्तर के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से क्षेत्र की संस्कृति और विकास की नई कहानी राष्ट्रीय मंच पर बयां की। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय एवं गुजरात पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में प्रधानमंत्री



श्री नरेंद्र मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल सहित कई केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम बींजे और धनोरा के 'बस्तर संस्कृति लोकरंग ग्रुप' के 75 कलाकारों ने इस राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (छैक्) के कलाकारों के साथ मिलकर इन स्थानीय कलाकारों ने लोककला और आधुनिक नाट्य मंचन का ऐसा प्रभावशाली संगम प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस पूरी प्रस्तुति को तैयार करने में प्रसिद्ध लोक गायक सिद्धार्थ महाजन, तिलकराम दुग्गा और भूपेंद्र साहू का विशेष सहयोग रहा। देशभर से पहुँचे लगभग 5,000 कलाकारों की सहभागिता वाले इस विशाल आयोजन में कोंडागांव के कलाकारों की यह प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का सबसे मुख्य और भावुक करने वाला हिस्सा 'नक्सलवाद के अंधकार से विकास के उजास' तक की बस्तर की यात्रा को दर्शाना रहा। नाट्य मंचन के माध्यम से यह बेहद प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया कि किस प्रकार बस्तर ने नक्सलवाद की चुनौतियों और बाधाओं को पीछे छोड़ दिया है। प्रस्तुति में उकेरा गया कि अब बस्तर के गांवों में सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल और कॉलेज जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। विकास की इन किरणों से आदिवासी समुदाय के जीवन में किस तरह शांति, खुशहाली और एक नई उम्मीद का संचार हुआ है, इसे कलाकारों ने अपनी जीवंत कला के माध्यम से मंच पर साकार किया।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी

तीन दिनों में 2886 किसानों से 10 हजार 610.64 मीट्रिक टन धान का उपार्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसान उत्साहपूर्वक अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। धान खरीदी के तीसरे दिन आज 17 नवम्बर 2026 को जिले के 119 उपार्जन केन्द्रों के लिए 1196 टोकन जारी किए गए थे, जिनमें कुल 4 हजार 831.51 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीयन किया गया था। जारी टोकन के विरूद्ध 1128 किसानों ने 4 हजार 267.76 मीट्रिक टन धान का विक्रय किया। इस प्रकार टोकन प्राप्त करने वाले 94.31 प्रतिशत किसानों ने आज अपना धान बेचा। जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद अब तक तीन दिनों में कुल 2886 किसानों से 10 हजार 610.64 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है।

अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर प्रशासन की लगातार कार्रवाई -कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने तथा अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार निगरानी एवं जांच की जा रही है। इसी क्रम में आज 17 नवम्बर 2026 को जिले में अवैध धान के 8 प्रकरण दर्ज कर कुल 921.60 क्विंटल धान एवं 2 वाहन जप्त किए गए।

कलेक्टर ने पाटेकोहरा बैरियर का किया औचक निरीक्षण, 2 वाहनों से 1082 कट्टा धान जप्त -जिले में अन्य राज्यों से अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित चेकपोस्टों में सघन जांच की जा रही है। कलेक्टर ने आज छुरिया विकासखंड के अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पाटेकोहरा बैरियर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की जांच में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर 2 वाहनों से कुल 1082 कट्टा (595.40 क्विंटल) धान जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। कलेक्टर ने बैरियर में तैनात कर्मचारियों को अन्य राज्यों से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों की जानकारी रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध धान परिवहन पर सतत निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए।

विभिन्न स्थानों पर जांच के दौरान अवैध धान जप्त - जिले में अवैध धान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ग्राम सिंघोला राजनांदगांव में मंडी राजनांदगांव द्वारा 2 प्रकरणों में 428 कट्टा (171.20 क्विंटल) धान जप्त किया गया। इसी प्रकार धान उपार्जन केन्द्र सुरगी एवं मचानपार में 2 प्रकरणों में 165 कट्टा (66 क्विंटल) धान जप्त किया गया। ग्राम मोहारा राजनांदगांव में एक पोल्ट्री उद्योग से 125 कट्टा (50 क्विंटल) धान जप्त किया गया।

महापुरुषों का सम्मान समाज का सम्मान होता है

देश परिवार व समाज से बनता है। हर परिवार में महान लोग भले ही न पैदा हों लेकिन हर समाज में महान लोग पैदा होते है और देश व समाज के लिए ऐसा काम कर गए होते हैं कि उस पर समाज के लोगों के साथ ही देश के लोगों को भी गौरव होता है।जब समाज के महान लोगों का सम्मान किया जाता है तो वह एक तरह से पूरे समाज का सम्मान होता है। देश में जब भी महान लोगों का सम्मान किया जाता है तो समाज के लोगों को लगता है यह उनके समाज का सम्मान है। आजादी के बाद कई समाज के महान लोगों के कामों को भुला दिया गया था, देश व समाज के लिए किए उनके कामों को भुला दिया गया था,इससे देश के लोगों को पता ही नहीं था उस समाज के लोगों ने देश के लिए समाज के लिए क्या ऐसा काम किया था,जिसके लिए उनको महान माना जाता है। जनजातीय समाज के कई महान लोगों को भुला दिया गया था,मोदी सरकार आने के बाद उनको याद किया जाता है और विकास के मामले पिछड़े समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। जनजातीय समाज के भगवान बिरसा मुंडा ऐसे ही महान नेता थे,आजादी के बाद उनको जितना सम्मान मिलना था नहीं मिला। मोदी सरकार के आने के बाद उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है।भगवान बिरसा मुंडा का जन्म सन् 1875 में झारखंड के रांची जिले के उलीहातू में हुआ था। बिरसा सिर्फ स्वाधीनता सेनानी ही नहीं, समाज सुधारक भी थे। बेहद कम उम्र में ही उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों, भूमि छीने जाने, बेगारी आदि के विरुद्ध जनजातीय समुदायों को संगठित कर उलगुलान किया था। उलगुलान का अर्थ होता है, महान विद्रोह। सिर्फ 25 वर्ष की आयु में ही उन्होंने अपनी जिंदगी स्वाधीनता के नाम होम कर दी। इन्हीं बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पिछले साल मनाई गई थी। बहरहाल हमें यह भी याद रखना होगा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजातीय समाज के दूसरी हस्तियों मसलन, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंदा सिंह, वीर गुंडाधुर, ठाकुर रामप्रसाद पोर्ते, रानी दुर्गावती आदि को भी याद किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिवस को ना सिर्फ याद करती रही है, बल्कि उनकी याद में कई सारे विकास कार्यक्रमों को भी आगे लेकर आई है। इसमें सबसे प्रमुख है, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान यानी पीएम-जनमन योजना। इसे 15 नवंबर 2023 को तीन वर्ष के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था। इस योजना के दायरे में देश के सभी आदिवासी समुदाय आते हैं। इसे स्वाधीन भारत के इतिहास की जनजातियों पर केंद्रित यह अब तक का सबसे बड़ा अभियान कहा जाना अतिशयोक्ति नहीं होगा। इस योजना में जनजातीय समुदाय के विकास से जुड़े नौ मंत्रालयों 11 महत्वपूर्ण गतिविधियां शामिल हैं। इसके तहत आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर आदि की उपलब्धता तय की जा रही है। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित पांच विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों मसलन, बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर की बसाहटों का विकास किया जा रहा है।भगवान बिरसा मुंडा की १५१ जयंती पर धरमजयगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। यह मौका था समाज को बताने का कि मोदी सरकार के पहले उनके लिए क्या नहीं किया गया और मोदी सरकार के आने के बाद उनके लिए क्या किया गया और क्या किया जा रहा है। उसी बदलाव के बारे में पीएम मोदी ने बताते हुए कहा कि माओवादी हिंसा से सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासी जनजातीय समाज को हुआ है।यह सच भी है क्योंकि २०१४ के पहले देश के १०० से ज्यादा जिले माओवाद की चपेट में थे।हर साल हिंसा की बड़ी संख्या में घटनाएं होती थी,मोदी सरकार के आने के बाद माओवाद के खात्मे की शुरुआत हुई और बस्तर से माओवाद समाप्त हो चुका है।इस मौके पर पीएम मोदी ने बताया कि उनकी सरकार आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए क्या कुछ कर रही है।पीएम जनमन योजना और आबा जनजातीय ग्राम अभियान उत्कर्ष के तहत एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। आदिवासियों को पक्के मकान उपलब्ध कराये जा रहे हैं,गांवों में बिजली पहुंचाई जा रही है। यानी विकास में पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों की ओर अब नक्सलियों के सफाए के बाद तेजी के विकास के काम कराए जा रहे है।इससे आदिवासी क्षेत्रों में काफी बदलाव आ रहा है। इस बदलाव के बारे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बताते हुए कहा है कि बस्तर के जिन इलाकों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी,अब वहां खेल के मैदान बन रहे हैं,बच्चे और युवा शिक्षा,खेल व कौशल के जरिए अपने सपनों को नई उड़ान दे रहे है।राज्य सरकार ने युवाओं के हाथों में बंदूक की जगह खेल का सामान दिया है,हिंसा की नई उम्मीद देने का काम किया है।इससे क्षेत्र में बदलाव आ रहा है और विकास पहले की तुलना मे अब ज्यादा हो रहा है और तेजी से हो रहा है।बस्तर की दो मुख्य समस्या रहीं हैं,एक माओवाद और दूसरा धर्मांतरण। एक समस्या का समाधान हो चुका है,दूसरी समस्या के समाधान के लिए साय सरकार ने धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बनाया है। कानून बनाने से धर्मांतरण पर रोक लगेगी लेकिन इसके लिए जनजाति समाज के लोगों को भी जागरूक रहना होगा क्योंकि समाज की कमजोरी का लाभ भी धर्मांतरण करने वाले उठाते हैं।इसलिए समाज के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है कि धर्मांतरण का आखिरी में नुकसान क्या होगा।

गंभीर मुद्दा

'धर्मनिष्ठ सत्ता' और ज़हरीले पानी में धर्मावलम्बी?

निर्मल रानी

स्विट्ज़रलैंड की वायु गुणवत्ता निगरानी संस्था Air IQ की 2026 में जारी हुई वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली दुनिया का चौथा सबसे प्रदूषित शहर और लगातार आठवें वर्ष विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी रही। नवंबर 2026 के दूसरे सप्ताह विशेषकर 7 नवंबर और 13-16 नवंबर के दौरान Air IQ की लाइव रैंकिंग में दिल्ली कई बार लाहौर, कोलकाता और ढाका को पीछे छोड़कर दुनिया का प्रथम सबसे प्रदूषित प्रमुख शहर बन गया। इस दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों में दिल्ली का औसत AQI 400 के पार अर्थात 'गंभीर' श्रेणी तक पहुंच गया, जबकि दिल्ली यूनिवर्सिटी और आईटीओ जैसे कुछ इलाक़ों में यह 450 से ऊपर दर्ज किया गया।और इसी घोर प्रदूषित राजधानी में गत दिनों उत्तर भारत विशेषकर बिहार का सर्वाधिक लोकप्रिय धार्मिक व सामाजिक त्यौहार छठ मनाया गया। वर्तमान में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम तीनों ही स्तरों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। गोया दिल्ली में 'ट्रिपल इंजन की सरकार' चल रही है। नवंबर 2026 में छठ महापर्व के आयोजन को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार ने दिल्ली वासियों ख़ासकर छठ पूजा हेतु श्रद्धालुओं को साफ़ यमुना जल उपलब्ध कराने, दिल्ली के 1,400 से अधिक घाटों के निर्माण और अभूतपूर्व नागरिक सुविधाओं के बड़े दावे किए थे। सरकार का मुख्य ज़ोर इस बात पर था कि इस वर्ष श्रद्धालुओं को बिना किसी गंदिगी या ज़हरीले झाग के, भव्य रूप से पूजा करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने छठ पूजा से ठीक पहले यह भी दावा किया था कि बीजेपी सरकार की तैयारियों के तहत यमुना का पानी साफ़ है और इसमें कोई गंदगी या झाग नहीं है। उन्होंने कहा था कि इस बार व्रती महिलाएं स्वच्छ यमुना जल में ही सूर्य देव को अर्घ्य देंगी। दिल्ली सरकार ने यह भी दावा किया था कि यमुना नदी के पानी को पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल (इको-टेंडली) उपचारित किया जा रहा है, जिससे पानी या जलीय जीवों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। सरकार ने राजधानी भर में लगभग 1,482 छठ घाट तैयार करने का दावा किया था जो पिछले वर्ष के 1,326 घाटों की तुलना में अधिक थे। सभी बुनियादी तैयारियां 6 नवंबर 2026 तक पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। उत्तरी दिल्ली में आउटर रिंग रोड से इंद्रलोक तक मुनक नहर के दोनों किनारों पर लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से 11 किलोमीटर लंबा भव्य छठ घाट बनाने और उसमें साफ़ पानी छोड़ने का दावा किया गया था। सरकार ने सभी घाटों पर स्वच्छता, निर्बाध बिजली, रोशनी, पीने के पानी, मोबाइल शौचालय, चेंजिंग रूम और चिकित्सा सुविधाओं के पुख़्ता प्रबंध किये जाने का दावा भी किया था।



परन्तु नए कृत्रिम या नहर घाटों के निर्माण के मोर्चे पर तो सरकार अपने कई दावों को पूरा करने में कुछ हद तक सफल ज़रूर रही परन्तु यमुना नदी को 'पूरी तरह साफ़ और झाग-मुक्त' बनाने का उसका सबसे प्रमुख दावा ज़मीनी स्तर पर पूरा नहीं हो सका। ग़ौरतलब है कि सरकार ने दावा किया था कि छठ पूजा के दौरान इस बार यमुना नदी में ज़हरीला सफ़ेद झाग नहीं दिखेगा। 15 और 16 नवंबर 2026 को छठ पूजा के संध्या और उषा अर्घ्य के दौरान



कालिंदी कुंज सहित यमुना के कई हिस्सों में श्रद्धालु कमर तक गहरे पानी और सफेद झाग की मोटी परतों के बीच पूजा करते नजर आए। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने स्वयं स्वीकार किया कि कालिंदी कुंज के बड़े हिस्सों में झाग तैरता हुआ दिखाई दिया। नदी में बिना उपचारित सीवर के पानी, औद्योगिक कचरे और डिटर्जेंट के मिलने से पानी की सतह पर इसतरह का ज़हरीला सफ़ेद झाग बनता है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के आंकड़ों के हवाले से बताया गया कि यमुना के प्रमुख घाटों का पानी नहाने योग्य मानकों पर खरा नहीं उतरा। हद तो यह कि छठ से ठीक पहले वज़ीराबाद और सोनिया विहार के पास नदी में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलने और काले व प्रदूषित पानी की तस्वीरों ने 'स्वच्छ यमुना जल' के दावों पर और भी गंभीर सवाल खड़े कर दिये। शालीमार बाग़ के कुछ हिस्सों, कई रिहायशी घाटों व कुछ स्थानीय इलाक़ों में सफ़ाई की भारी कमी, प्लास्टिक के कचरे और अपर्याप्त रोशनी को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। परन्तु श्रद्धालुओं के ज़हरीले पानी में डुबकी लगाने पर अफ़सोस जताने या इस दुर्व्यवस्था के लिये सरकार की ज़िम्मेदारी स्वीकार करने के बजाये मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कई घाटों पर छठ पर्व को भव्य बनाने के लिए प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि पिछली आप सरकार ने यमुना किनारे छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाया था, जबकि वर्तमान बीजेपी सरकार ने 1,400 से अधिक घाटों पर 'रेड कार्पेट' बिछाकर भव्य इंतज़ाम किए। बीजेपी ने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले डेढ़ से दो वर्षों में यमुना नदी का आधे से अधिक हिस्सा साफ़ कर दिया है, जो काम कांग्रेस और आप दशकों में नहीं कर पाईं। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने तो यह आरोप लगाया कि विपक्षी दल और कुछ अज्ञात लोग छठ पर्व से पहले सरकार की छवि ख़राब करने के लिए जानबूझकर यमुना नदी में मरी हुई मछलियां डाल रहे थे। सोशल मीडिया पर विपक्ष के अलावा भी अनेक लोगों ने यमुना के झाग भरे ज़हरीले पानी में पूजा करने हेतु खड़ी महिला श्रद्धालुओं के वीडियो साझा करते हुए लिखा कि यही यमुना की असली हक़ीक़त है"। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निशाना साधते हुए लोगों ने कहा कि यमुना की सफ़ाई के नाम पर केवल झूठे वादे और प्रचार किए गए, जिसके कारण श्रद्धालु ज़हरीले पानी में छठ मनाने को मजबूर हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने मरी हुई मछलियों का वीडियो जारी करते हुए कहा कि नदी में अत्यधिक प्रदूषण के कारण हज़ारों मछलियों की मौत हुई है और सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने भी यमुना में तैरते ज़हरीले झाग की तस्वीरें साझा कर केंद्र और दिल्ली की बीजेपी सरकार पर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और स्वास्थ्य के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि ये तस्वीरें यमुना की सफ़ाई को लेकर किए गए सरकारी दावों की पोल खोलती हैं। निःसंदेह दिल्ली की बढ़ती आबादी के कारण यमुना नदी की स्वच्छता किसी भी सरकार के लिये एक बड़ी चुनौती है। परन्तु यह भी सच है कि देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने पहली बार किसी स्वयंभू 'धर्मनिष्ठ सत्ता' और उसके द्वारा किये गये लंबे चौड़े वादों के बीच इस क़द्र झागयुक्त ज़हरीले पानी में श्रद्धालु धर्मावलंबियों को छठ के अवसर पर डुबकी लगाते हुये देखा।

राशिफल

मेष राशिः आज आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है। पुराने कर्ज का बोझ कम होने और शेयर बाजार से अचानक लाभ मिलने के संकेत हैं। हालांकि, फिजूलखर्ची से बचें। कामकाज में व्यस्तता और जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। अनजान लोगों पर तुरंत भरोसा न करें। मेहनत जारी रखें, सफलता मिलने में थोड़ी देरी हो सकती है।

वृषभ राशिः आज महत्वपूर्ण कामों पर ध्यान केंद्रित करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। यात्रा के दौरान कोई उपयोगी जानकारी मिल सकती है। सरकारी विभाग में अटका काम आगे बढ़ने की संभावना है। घर की सजावट या मरम्मत की योजना बन सकती है। संतान की ओर से अच्छी खबर मिलेगी। कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता की सराहना हो सकती है।

मिथुन राशिः नए काम शुरू करने और योजनाओं को आगे बढ़ाने का उत्साह रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। कारोबार से जुड़े प्रस्ताव पर पिता से चर्चा हो सकती है। उनकी सलाह उपयोगी साबित होगी। जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा या शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी खबर मिल सकती है।

कर्क राशिः लंबे समय से प्रतीक्षित अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को उम्मीद की नई किरण दिखाई दे सकती है। मौज-मस्ती में जरूरी कामों को नजरअंदाज न करें। विरोधियों की गतिविधियों और निजी बातों को साझा करने में सावधानी बरतें।

सिंह राशिः मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। दूर रहने वाले रिश्तेदार से मुलाकात या यात्रा की योजना बन सकती है। निर्णय लेने की क्षमता से उलझे काम सुलझेंगे। कार्यक्षेत्र में सूझबूझ का लाभ मिलेगा। किसी सहयोगी की बात बुरी लग सकती है, लेकिन तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। रिश्तों में प्रेम और अपनापन बनाए रखें।

कन्या राशिः संपत्ति से जुड़े मामले में अच्छी खबर मिल सकती है। अटकी हुई व्यावसायिक डील आगे बढ़ने के संकेत हैं। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और घर में मांगलिक आयोजन की तैयारी हो सकती है। पुराने कर्ज से मुक्ति के लिए ठोस कदम उठाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

तुला राशिः आज नए अवसर मिल सकते हैं। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में लाभकारी साबित हो सकती है। बैंक ऋण या वित्तीय सहायता से जुड़ा काम आगे बढ़ेगा। आर्थिक समझौते की शर्तें अच्छी तरह समझ लें। माता की जिम्मेदारी समय पर पूरी करें। बच्चों के साथ समय बिताने से खुशी मिलेगी।

वृश्चिक राशिः नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। संपर्कों का दायरा बढ़ेगा और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की सराहना कर सकते हैं। खानपान में संतुलन रखें। महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने से पहले विचार करें। कार्य संबंधी यात्रा का योग भी बन सकता है।

धनु राशिः दिन में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकते हैं। परिवार के किसी विषय पर मां से बातचीत होगी और उनकी सलाह उपयोगी रहेगी। पैतृक संपत्ति का मामला चिंता बढ़ा सकता है। पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कारोबार में नई साझेदारी के अवसर मिल सकते हैं, लेकिन समझौते की शर्तें स्पष्ट रखें।

मकर राशिः राजनीति और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को कोई महत्वपूर्ण अवसर मिल सकता है। प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में नए रास्ते खोल सकती है। जीवनसाथी के साथ खरीदारी या बाहर जाने की योजना बनेगी। बजट से अधिक खर्च न करें। विरोधियों से सतर्क रहें और अपनी योजनाएं गोपनीय रखें।

कुंभ राशिः पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। कारोबार में किए गए बदलाव सकारात्मक परिणाम दे सकते हैं। जीवनसाथी की पदोन्नति या करियर में प्रगति से परिवार में खुशी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। घर में धार्मिक आयोजन और रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

मीन राशिः नया वाहन खरीदने की योजना बन सकती है। कोई बड़ा आर्थिक फैसला लेने से पहले बजट और भविष्य की जिम्मेदारियों का आकलन करें। कार्यक्षेत्र में सफलता के लिए निरंतर मेहनत जरूरी होगी। विद्यार्थियों को गुरुजनों की सलाह से लाभ मिलेगा। संतान की संगति पर ध्यान दें और फिलहाल उधार लेने से बचें।

चर्चित मुद्दा

दुनिया के 'नफ़रती शासकों' के लिये सन्देश हैं अमेरिकी उपचुनाव

तनवीर जाफ़री

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के दोनों सदनों यानी सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेज़ेनटेटिव्स पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है।रिपब्लिकन पार्टी के दोनों सदनों में बहुमत खोने के बाद अब ट्रंप के शेष कार्यकाल के लिए अमेरिका में "विभाजित सरकार" की स्थिति बन गई है। 13 नवंबर 2026 तक घोषित आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार ऊपरी सदन यानी 100 सीटों वाली यूएस सीनेट ने 55 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। डेमोक्रेटिक पार्टी में दो निर्दलीय सांसद भी शामिल हैं जो डेमोक्रेट्स के साथ गठबंधन में हैं। जबकि सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी 44 सीटों पर सिमट गई है। इसी तरह कुल 435 सीटों वाले निचले सदन यानी यूएस हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ेनटेटिव्स में जहां बहुमत के लिए 218 सीटों की आवश्यकता होती है। अब तक घोषित 424 सीटों में से डेमोक्रेटिक पार्टी ने 255 सीटें जीत ली हैं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी को 169 सीटें मिली हैं। यह पिछले 112 वर्षों में हाउस चुनावों में डेमोक्रेट्स की दूसरी सबसे बड़ी जीत बताई जा रही है। कई रिपब्लिकन गढ़ों में सेंध लगाते हुये डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों ने उन राज्यों में भी कई सीनेट सीटें जीतीं जिन्हें पारंपरिक रूप से रिपब्लिकन गढ़ माना जाता है। इनमें आयोवा,नॉर्थ कैरोलिना, मेन (ट्रॉय डेल जैक्सन), साउथ कैरोलिना (एनी एंड्रयूज़) और मिसिसिपी (स्कॉट कोलोम) जैसी सीटें शामिल हैं। इसी तरह जॉर्जिया में डेमोक्रेट कीशा लांस बॉटम्स अमेरिका के किसी भी राज्य की गवर्नर चुनी जाने वाली पहली अश्वेत महिला बनीं। वहीं न्यू मैक्सिको में डेब हैलैंड अमेरिका की पहली मूल अमेरिकी महिला गवर्नर चुनी गईं। मिशिगन से अब्दुल अल-सैयद देश के पहले मुस्लिम सीनेटर और न्यू हैम्पशायर से क्रिस पप्पास पहले खुले तौर पर समलैंगिक पुरुष सीनेटर चुने गए हैं। माना जा रहा है कि जनवरी 2027 में नई कांग्रेस के शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के लिए अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना अब बेहद कठिन हो जाएगा। सीनेट और हाउस दोनों पर नियंत्रण होने के कारण डेमोक्रेटिक पार्टी अब राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा की जाने वाली न्यायिक और कैबिनेट नियुक्तियों को रोकने की शक्ति रखेगी। इसके साथ ही, डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाली संसदीय समितियां व्हाइट हाउस के कामकाज और नीतियों की जांच भी शुरू कर सकेंगी। अब सवाल यह है कि क्या शांतिप्रिय अमेरिकी जनता को ट्रंप की 'मागा' 'Make America Great Again' मुहीम रास नहीं आयी या फिर वे 'MAGA' की आड़ में छुपे ट्रंप के नफ़रती व पूंजीवादी एजेंडे को पहचान गये ? दरअसल ईरान पर अमेरिका द्वारा अकारण युद्ध थोपे जाने और ग़ज़ा नरसंहार के नायक बेंजमिन नेतन्याहू के लगभग हर मानवता विरोधी मिशन में उसका साथ देते रहने वाले ट्रंप ने अपने भाषणों में साम्प्रदायिकता का ज़हर उगलकर पिछले दिनों हुये अमेरिकी उपचुनावों को भी नफ़रती रंग देने की भरपूर कोशिश की। उन्होंने चुनाव अभियानों के दौरान डेमोक्रेटिक पार्टी के मुस्लिम उम्मीदवारों के ख़िलाफ़ कई तीखे और विवादास्पद बयान दिए। इनमें आतंकवाद से जोड़ना, नागरिकता पर सवाल उठाना, नाम बिगाड़ना और धार्मिक क़ानून का डर दिखाना आदि शामिल था। मिसाल के तौर पर मिशिगन से यूएस सीनेट का चुनाव जीतने वाले डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सैयद चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप के निशाने पर रहे। ट्रंप ने मिशिगन की चुनावी रैलियों में अल-सैयद को बार-बार "क्रूर, हिंसक व जिहादी" कहा। ट्रंप ने कहा कि वे मिशिगन इसलिए आए हैं ताकि "एक जिहादी 'मुस्लिम ब्रदरहुड' सदस्य को अमेरिकी सीनेटर बनने से रोका जा सके"। चुनाव से ठीक पहले 1 नवंबर 2026 को एक रैली में ट्रंप ने कहा था कि यदि अल-सैयद चुनाव जीत जाते हैं, तो सीनेट में प्रवेश करने से पहले उनकी जांच करने के लिए वहां 'मेटल डिटेक्टर' लगाने पड़ेंगे। उन्होंने अपने भाषणों में जानबूझकर अब्दुल अल-सैयद को "मोहम्मद" कहकर संबोधित किया। ट्रंप के नफ़रती बयान की हद तो यह है कि ट्रंप ने मतदाताओं से अपील की कि वे अल-सैयद को हराकर "उन्हें वापस वहीं भेज दें जहां से वे आए हैं"। जबकि अल-सैयद का जन्म अमेरिका के मिशिगन में ही हुआ है। इसके अतिरिक्त ट्रंप ने अल-सैयद का विरोध करने के लिए 9/11 आतंकी हमलों की तस्वीरों का भी इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं बल्कि ट्रंप ने हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ेनटेटिव्स अर्थात प्रतिनिधि सभा की वर्तमान मुस्लिम सदस्यों इल्हान उमर और रशीदा तालिब पर भी तीखे व्यक्तिगत और राजनीतिक हमले किए। उन्होंने उमर के मूल देश सोमालिया का उपहास उड़ाते हुए कहा कि वह "एक ऐसे देश से आती हैं जो असल में एक देश भी नहीं है"। अगस्त 2026 में ट्रंप ने सोमाली मूल के लोगों और नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा था कि "वे बुद्धिमान नहीं हैं, उनमें कोई योग्यता नहीं है और वे हमें बता रहे हैं कि हमें अपना देश कैसे चलाना है।" इसी दौरान उन्होंने ओवल ऑफ़िस में कहा कि "हमारे यहां हर जगह जिहादी चुने जा रहे हैं।" इसी तरह ट्रंप ने मिशिगन से सांसद रशीदा तालिब और इल्हान उमर के लिए बार-बार कहा कि उन्हें अपने "मूल देशों" (फ़िलिस्तीन और सोमालिया) वापस चले जाना चाहिए, जबकि रशीदा तालिब का भी जन्म अमेरिका में ही हुआ है। ट्रंप द्वारा केवल कुछ मुस्लिम उम्मीदवारों पर व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, बल्कि पूरे डेमोक्रेटिक ख़ेमे के मुस्लिम नेताओं को लेकर ट्रंप और उनके सहयोगियों ने एक व्यापक नैरेटिव तैयार किया था। ट्रंप और रिपब्लिकन नेताओं ने चुनाव प्रचार में यह दावा किया था कि मुस्लिम उम्मीदवारों के जीतने से अमेरिका में शरिया क़ानून लागू हो जाएगा। नफ़रती ट्रंप ने बिना किसी सबूत के मुस्लिम उम्मीदवारों पर कई प्रतिबंधित संगठनों और "मुस्लिम ब्रदरहुड" से जुड़े होने तक के झूठे व बेबुनियाद आरोप लगाए और अमेरिका के प्रति उनकी निष्ठा पर सवाल उठाए। ग़ौरतलब है कि 2025 के न्यूयॉर्क शहर के मेयर चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने ज़ोहरान ममदानी के ख़िलाफ़ भी कई तीखे, व्यक्तिगत,नस्लवादी व अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।उन्होंने ममदानी को 100% पागल कम्युनिस्ट ,आपदा, अनाकर्षक,विदेशी,देश विरोधी,न्यूयार्क को बर्बाद करने वाला बताते हुए उनपर इस्लामोफ़ोबिक हमले किए थे। परन्तु ममदानी को भी न्यूयार्क के लोगों ने मेयर चुनाव में विजयी बनाया। रिपब्लिकन पार्टी विशेषकर ट्रंप द्वारा अमेरिकी चुनाव के इतिहास में किये गये इस तरह के सांप्रदायिकतावादी दुष्प्रचार का अमेरिका में पुरज़ोर विरोध किया गया। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन जैसे कई बड़े नेताओं ने ट्रंप द्वारा मुसलमानों के विरुद्ध किये जाने वाले दुष्प्रचार की आलोचना की।

अनेक संगठनों ने भी ट्रंप की इस नफ़रती बयानबाज़ी की निंदा करते हुए इसे "नस्लवादी" क़रार दिया। उधर इस आक्रामक और इस्लामोफ़ोबिक प्रचार का उल्टा असर यह हुआ कि इसने मुस्लिम और अल्पसंख्यक मतदाताओं को तो लामबंद किया ही साथ ही उदारवादी अमेरिकन ईसाईयों ने भी डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन किया जिसके परिणामस्वरूप 2026 के चुनावों में रिकॉर्ड 7 मुस्लिम उम्मीदवार अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुने गए। निःसंदेह अमेरिका के चुनाव दुनिया के 'नफ़रती शासकों' के लिये साफ़ सन्देश हैं कि नफ़रत की सियासत अधिक समय तक परवान नहीं चढ़ती।

प्रदूषण के राष्ट्रीय लाभ (व्यंग्य)

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

सुबह सुबह पड़ोस के शर्मा जी से दो सौ रुपये उधार मांगने गया था। सोचा था घर में गैस का सिलेंडर खत्म होने को है, तनख्वाह आने में अभी चार दिन बाकी हैं, तब तक किसी तरह चूल्हा जलता रहेगा। शर्मा जी दरवाजे पर ही मिल गए। हाथ में चाय का प्याला था और आंखें ड्राइंगरूम में चल रहे टेलीविजन पर ऐसे गड़ी थीं जैसे साक्षात भगवान के दर्शन हो रहे हों। मैंने जैसे ही उधार की बात छेड़ी, शर्मा जी ने हाथ उठाकर मुझे चुप रहने का इशारा किया और बोले, अरे भाई, रुपये पैसे की तुच्छ बातें बाद में करना, पहले देश की तरक्की का अमृत पियो। मैं चौंका। सोचा शायद देश ने कोई नया उपग्रह छोड़ा है या हमारी अर्थव्यवस्था अचानक सोने की चिड़िया बन गई है। मैंने भीतर झांका। टीवी पर एक बेहद सजी धजी, चमचमाती साड़ी और भारी मेकअप वाली एंकरनी जी चीख चीखकर देश को जगा रही थीं। उनकी आवाज की खनक और चेहरे का तेज देखकर लग रहा था कि वे खुद वातानुकूलित स्टूडियो में बैठकर पूरे देश के फेफड़ों का ठेका उठा चुकी हैं। मैंने शर्मा जी से पूछा, क्या हुआ भाई, क्या कोई खजाना हाथ लग गया है? शर्मा जी गदगद होकर बोले, अरे भैया, हम अब तक जिसे मुसीबत समझ रहे थे, वह तो साक्षात वरदान निकला। ये एंकरनी जी बता रही हैं कि देश में जो भयानक प्रदूषण फैला है, उससे भारत को कितने अद्भुत फायदे हो रहे हैं। मेरी अकल चकरा गई। कल ही मैं खांसते खांसते अस्पताल से लौटा था। डॉक्टर ने फेफड़ों का एक्सरे देखकर कहा था कि भीतर कोयले की खदान जैसी कालिख जम गई है। और यहां ये मोहतरमा इसे राष्ट्रीय वरदान साबित कर रही थीं। मैंने कान लगाकर सुना। एंकरनी जी पूरे आत्मविश्वास के साथ हाथ नचाते हुए कह रही थीं कि दर्शको, विदेशी ताकतें हमारे प्रदूषण को लेकर हमें बदनाम करती हैं, लेकिन वे नहीं जानतीं कि इस धुंध और धूल के गुबार से भारत को बीसियों चमत्कारी लाभ हो रहे हैं। पहला लाभ तो यह है कि आसमान में धूल की मोटी चादर बिछ जाने से सूर्य की तेज किरणें सीधे हमारी त्वचा पर नहीं पड़तीं। इससे देशवासियों का रंग काला नहीं पड़ता और विदेशी सनस्क्रीन क्रीम पर खर्च होने वाला करोड़ों रुपया बच जाता है। यानी प्रदूषण सीधे तौर पर हमारी सुंदरता और विदेशी मुद्रा दोनों की रक्षा कर रहा है। दूसरा लाभ यह कि जब कोहरा और धुआं इतना घना हो कि हाथ को हाथ न सूझे, तो दुश्मन देश के जासूसी उपग्रह हमारे शहरों की तस्वीर नहीं ले पाते। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुफ्त कवच है। तीसरा लाभ सुनिए, हवा में जहर घुलने से लोग कम सांस लेते हैं, जिससे फेफड़ों की कसरत होती है और आदमी कम ऑक्सीजन में जीना सीख जाता है। कल को अगर हम मंगल ग्रह पर बस्ती बसाएंगे, तो भारतीयों को वहां बसने में कोई तकलीफ नहीं होगी क्योंकि हम तो यहीं से बिना ऑक्सीजन जीने की ट्रेनिंग लेकर जाएंगे।



एंकरनी जी रुकने का नाम नहीं ले रही थीं। उनकी जुबान किसी राजधानी एक्सप्रेस की तरह दौड़ रही थी। वे गिनाती जा रही थीं कि प्रदूषण के कारण ही देश में मास्क और एयर प्यूरीफायर बनाने वाले उद्योगों को बढ़ावा मिला है। अस्पताल और दवा कंपनियां दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रही हैं, जिससे देश की जीडीपी में जबरदस्त उछाल आ रहा है। जब आदमी बीमार पड़ेगा, तभी तो डॉक्टर की फीस भरेगा, तभी तो दवा खरीदेगा और तभी तो बाजार में पैसा घूमेगा। स्वस्थ आदमी तो अर्थव्यवस्था पर बोझ होता है, वह न दवा खरीदता है न अस्पताल जाता है। असली देशभक्त तो वह है जो जहरीली हवा खाकर बीमार पड़े, खांसे और देश की आर्थिक रफ्तार को बढ़ाए।

शर्मा जी हर तर्क पर ऐसे सि

बालोद में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया

जनजातीय समाज का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता:शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 18 नवंबर । जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में बालोद में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा शामिल हुए। इस समारोह में कांकेर सांसद श्री भोजराज नाग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा सहित देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले जनजातीय वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों पर चलते हुए छत्तीसगढ़ सरकार जनजातीय समाज के सम्मान, उत्थान और सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत





उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं संगीतमय कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में समाज और देश के लिए जो योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने जनजातीय समाज के संघर्ष, साहस और बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के जनजातीय वीरों ने देश की स्वतंत्रता और समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शासकीय योजनाओं से गांवों में पहुंच रही विकास की रोशनी

उप मुख्यमंत्री ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक गांव और प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचें। उन्होंने बताया कि जिले में पेयजल के लिए कनेरी-धनोरा मल्टी विलेज स्कीम का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस योजना से अनेक गांवों के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बालोद जिले का नारागांव प्रदेश का पहला ऐसा गांव बनने की दिशा में अग्रसर है, जहां सभी घरों और शासकीय कार्यालयों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की पहल की जा रही है। इससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ बिजली पर निर्भरता भी कम होगी।प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में अपनी भागीदारी बढ़ा सकें।

बस्तर में लौट रही शांति और विकास की रौनक

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बस्तर क्षेत्र में हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि माओवाद के प्रभाव में कमी आने के साथ ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का वातावरण मजबूत हो रहा है। आज बस्तर के गांवों में दशहरा जैसे पारंपरिक पर्वों में देवी-देवताओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ रही है। गांवों में फिर से मेले, उत्सव और सामाजिक मेल-मिलाप की परंपराएं उत्साह के साथ जीवंत हो रही हैं।

समाचार संक्षेप

जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा



दंतेवाड़ा, 18 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दंतेवाड़ा के प्रांगण में जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इसमें दक्षिण बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, नवाचार और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद ठाकुर ने की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, नवाचार एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा और रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना था।प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित विभिन्न मॉडल, व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। वहीं विज्ञान नाटिका और प्रश्नमंच प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी विषयगत समझ, तार्किक क्षमता एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का परिचय दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रथम स्थान बसंती नाग, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पूजा मरकाम, शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय फोटा, बिंचितालूर तथा तृतीय स्थान राधेश्याम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोंजे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार पश्चिम भारत विज्ञान मेला की व्यक्तिगत प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में सुनीता दुधी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासु बनने, नए प्रयोग करने और अपनी कल्पनाओं को वैज्ञानिक सोच के साथ साकार करने की प्रेरणा मिली। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

अयोध्या धाम में श्रीरामलला के दर्शन के लिए 28 तीर्थयात्रियों का दल रवाना,जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी



दंतेवाड़ा, 16 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिले के 28 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं डिप्टी कलेक्टर अमित भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों के दल को रवाना किया।इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सभी तीर्थयात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन को लेकर तीर्थयात्रियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।तीर्थयात्रियों ने इस धार्मिक यात्रा के लिए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य और जीवन का एक यादगार अनुभव होगा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्राएं लोगों को अपनी आस्था और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार भादूराम धनकर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संभागीय संयुक्त संचालक सहित 19 जिलों के डीईओ को नहीं मिलेगा नवंबर का वेतन

जगदलपुर, 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बार-बार निर्देश और पत्र जारी करने के बावजूद कई जिलों में वीएसके ऐप पर उपस्थिति की जानकारी अपडेट नहीं की गई। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने जगदलपुर के संभागीय संयुक्त संचालक मनोज प्रताप सिंह सहित 19 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों का नवंबर महीने का वेतन रोकने का आदेश दिया है। विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) ऐप के माध्यम से शिक्षकों और कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति की रिपोर्ट भेजना अनिवार्य किया गया है। विभागीय कार्रवाई की जद में नारायणपुर, सुकमा, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर सहित 9 जिलों के अधिकारी आए हैं। मिली जानकारी के अनुसार 03 और 04 नवंबर को भी स्मरण पत्र जारी किए गए थे। इसके बावजूद 19 जिलों के अधिकारियों ने गूगल शीट अपडेट नहीं की। इसे पदीय कर्तव्यों के प्रति गंभीर उदासीनता, लापरवाही और स्वेच्छाचारिता मानते हुए नवंबर का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिए गए हैं।लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वीएसके ऐप से ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी समय पर भेजना जरूरी है। निगरानी के लिए 08 और 16 अक्टूबर को सभी डीईओ को गूगल शीट भेजकर उपस्थिति अपडेट करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी जानकारी नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई।

एक नजर

कोयलीबेड़ा क्षेत्र के मोदेमरका व मिच्चेबड़ा में नक्सली डंप आईईडी व हथियार बरामद

कांकेर, 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मोदेमरका और मिच्चेबेड़ा में मंगलवार को सुरक्षाबलों द्वारा चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों का डंप मिला है। इस डंप में हथियार, विस्फोटक और नक्सली गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले सामान मिले हैं। कांकेर एसपी निखिल कुमार राखेचा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने केलिए नक्सल प्रभावित सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षाबलों की संयुक्त सर्चिंग लगातार जारी है।

केशकाल घाट के तीसरे मोड़ पर में लगा लंबा जाम, दो एंबुलेंस व यात्री बसें फंसीं

कोंड़ागांव, 18 नवंबर। जिले के केशकाल घाट बस्तर संभाग को प्रदेश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। मंगलवार दोपहर में केशकाल घाट के तीसरे मोड़ पर गाड़ी ख़राब होने के साथ ही ओवरटेकिंग की होड़ के चलते लंबा जाम लग गया। घाट के घुमावदार और संकरे रास्ते पर वाहन चालकों द्वारा जल्दबाजी में एक-दूसरे से आगे निकलने के प्रयास ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। देखते ही देखते घाट मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया। सबसे चिंताजनक स्थिति दो एम्बुलेंस के फंसे होने की है, क्योंकि आपातकालीन परिस्थिति में मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में जाम के कारण उपचार में देरी होने से मरीज के परिजन परेशान रहे।केशकाल घाट के तीसरे मोड़ पर एक वाहन खराब हो जाने से स्थिति और बिगड़ गई। संकरे मोड़ पर वाहन खराब होने के चलते अन्य वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया और देखते ही देखते जाम ने विकराल रूप ले लिया। जाम में छोटे-बड़े वाहनों के साथ एम्बुलेंस भी फंसी रही, जिससे आपातकालीन सेवाओं को लेकर चिंता बढ़ गई। केशकाल घाट में बार-बार लगने वाला जाम अब आम लोगों के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं के लिए भी बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में घाट पर ओवरटेकिंग पर प्रभावी नियंत्रण और खराब वाहनों को तत्काल हटाने की व्यवस्था बेहद जरूरी हो गई है। केशकाल घाट में लगे मेगा जाम को खुलवाने के लिए पुलिस विभाग की टीम मौके पर सक्रिय हो गई है।

जनजातीय गौरव दिवस पर ग्राम दुगली में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया

धमतरी, 18 नवंबर । जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं तथा देश की आजादी के संघर्ष में जनजातीय महापुरुषों के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आज जिले के विकासखंड नगरी के ग्राम दुगली में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में लोकसभा सांसद श्री भोजराज नाग अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री निरंजन सिन्हा, श्री प्रकाश बैस सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनजातीय समाज के प्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।समारोह में जनजातीय समाज की कला, संस्कृति, पारंपरिक लोकनृत्य, वेशभूषा और जीवनशैली की मनमोहक झलक देखने को मिली।

धान खरीदी की व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर किसानों को सहूलियत प्रदान करें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 18 नवंबर । कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी 16 धान उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। सभी केंद्रों में बारदाना, तौल मशीन, धान के सुरक्षित भंडारण, पेयजल, छायादार स्थान एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। किसानों को धान विक्रय के लिए हरसंभव सहूलियत प्रदान किया जाए। उन्होंने खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं की



नियमित निगरानी करने तथा समस्याओं का तत्काल निराकरण करने और एग्रीस्टैक पंजीयन सहित धान खरीदी से जुड़े सभी आवश्यक कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर ने बस्तर ओलंपिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान, आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन की रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं एवं निर्देशों के पालन, मानव अधिकार आयोग, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में लंबित प्रकरणों, मानसिक स्वास्थ्य, आवारा मवेशियों एवं आवारा कुत्तों के प्रबंधन, मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं तथा विभिन्न जनहित याचिकाओं की समीक्षा की गई।कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के स्वीकृत कार्यों, डीएमएफ के पुराने निर्माण कार्यों को पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, भूमि आबंटन एवं भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों तथा शासकीय भवनों की मरम्मत की प्रगति की जानकारी ली। पर्यटन विकास के अंतर्गत बारसूर एवं ढोलकल में संचालित कार्यों, प्लेनेटेरियम, बारसूर कॉटेज निर्माण, जल संरक्षण एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, कलेक्टर जनदर्शन, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 (सेवा सेतु), जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अपार आईडी, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड एवं छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पुल निर्माण, श्यामगिरी-किरंदुल मार्ग तथा गीदम-बांगाबाड़ी सड़क सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। धान खरीदी सहित शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा नियमित निगरानी करते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा की बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने शहर के विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 18 नवंबर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मंगलवार को शहर के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। शहर के धरमपुरा में विश्वविद्यालय परिसर में 11 करोड़ की लागत से आधुनिक रूप से बस्तर के युवाओं के लिए नालंदा परिसर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नालंदा परिसर के निमार्ण कार्य का निरीक्षण किया साथ ही चल रहे कार्यो का संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर नालंदा परिसर का निर्माण



तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।

किरण देव ने कहा कि जगदलपुर शहर में आधुनिक रूप से 11 करोड़ की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें हमारे बस्तर के युवाओं को बेहतर माहौल में प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उपयुक्त परिसर उपलब्ध होगा। हमारे युवा वर्तमान के आधुनिक, डिजिटल शिक्षा, शांत अध्ययन वातावरण के बीच अपने भविष्य की कहानी गढ़ सकेंगे। जिसमे एक साथ 500 विधार्थी बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। बस्तर के युवाओं को नालंदा परिसर के माध्यम से बेहतर एवं आधुनिक शिक्षा के रूप में उपयुक्त परिसर उपलब्ध होगा। नालंदा परिसर में आधुनिक लाईब्रेरी, आधुनिक स्टेडी जोन,बुक्स , गार्डन, कैफेटेरिया, फ्री वाई फाई एवं सुविधा हमारे बस्तर के युवाओं को मिलेगा। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने धरमपुरा पीजी कालेज परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम लागत 11 करोड़ 76 लाख रुपए से कार्य किया जा रहा है जिसका निरीक्षण कर निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

गौठान शेड से चोरी का पंप खरीदने वाला फरार कबाड़ी गिरफ्तार

कांकेर, 18 नवंबर। जिले के ग्राम पंचायत बेवरती में 15 सितंबर की रात गौठान शेड में लगे गोबर कंडे बनाने वाली मशीन का मोटर, धानकुट्टी में लगा मोटर, प्लास्टिक सामानों को दबाने वाली मशीन का मोटर, दाल पीसने की मशीन का मोटर, कुल 04 नग मोटर चोरी किए गए। चोरी का पंप खरीदने वाले फरार कबाड़ी भविष्य सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के चार पंप बरामद किए गए हैं। इसी मामले में पहले भी चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से चोरी के चार पंप बरामद किए गए थे। इस बार पुलिस ने चार और पंप बरामद किये हैं। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। माकड़ी से एक ब्रेजा कार में चोरी के 04 पंप बरामद किए थे, कार भी जब्त की थी। पकड़ाए चोरों ने पंप खरीदने वाले का नाम अन्नपूर्णापारा, कांकेर स्थित कबाड़ी दुकान संचालक बताया था।

नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 18 नवंबर । कलेक्टर की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर एनसीओआरडीए एनकार्ड के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम अवैध कारोबार पर नियंत्रण तथा नशे से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार एवं पुनर्वास के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों को नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर



प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण करने तथा नशीली दवाओं की अवैध बिक्री एवं अनधिकृत भंडारण पर विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नशामुक्ति अभियानए जब्त मादक पदार्थों के विनष्टीकरण अवैध कारोबार में संलिप्त वाहनों की नीलामी तथा कोटपा अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पुलिस स्वास्थ्य परिवहन एवं अन्य संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान संचालित करने तथा युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया।इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में 10 बिस्तरों का नशामुक्ति उपचार केंद्र संचालित करने की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के साथ नशे से प्रभावित व्यक्तियों को समुचित उपचार एवं पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को नियमित निगरानी प्रभावी कार्रवाई और जनजागरूकता के माध्यम से जिले में नशे के विरुद्ध समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अपर कलेक्टर भरतराम ध्रुव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खुटे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

छठ महापर्व का आयोजन वार्ड-22 के छठ घाट में धूमधाम से किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 18 नवंबर। दल्लीराजहरा में चार दिन की लोक संस्कृति और परंपरा की छठ महापर्व आज छठ पूजा के साथ समाप्त हुआ स छठ घाट पर बजने वाले पारंपरिक तथा लोगों के द्वारा गाए जा रहे छठ गीत पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया एउगा हे सूरज देव एकेलवा के पात पर एकांच ही बांस के बहंगिया जोड़े जोड़े फलवा सुरुज देव जैसे लोकगीत मन को भाव विभोर कर दिया स

यूपी बिहार समन्वय समिति छत्तीसगढ़ दल्ली राजहरा के द्वारा अध्यक्ष राज किशोर सिंह के नेतृत्व में छठ महापर्व का आयोजन वार्ड नंबर 22 स्थित छठ घाट पर धूमधाम से किया गया स सूर्य छठ पूजा के तीसरे दिन कल रविवार वार को संध्या 4रू00 बजे से ही उपासक एवं श्रद्धालु गण अस्तगामी सूर्य अर्थात डूबते सूर्य को अर्द्ध देने के लिए वार्ड नंबर 22 स्थित छठ पूजा स्थल पर टोकनी में पूजा सामग्री जिसमें मौसमी फल के रूप में अनन्नास केला सेब अमरुद तरबूज गागर आवला अमरुद बेर सिंघाड़ा के साथ मौसमबी फल कोद ; शकरकंद द्ध सुथनी ; पीड़ी कांदा द्ध सब्जी में कद्दू मूली बरबटी हल्दी अदरक के पौधे नारियल अगरबत्ती लेकर पूजा स्थल पर पहुंचे तथा 5 से 7 गन्ना का मंडप बनाकर सूर्य भगवान को अर्ध दिए स तथा इस भक्ति और आराधना के साथ अपने.अपने घर वापस आए थे आज सुबह 4रू00 बजे से ही अपने.अपने घरों से लोग उगते सूर्य को अर्द्ध देने के लिए अपने परिवार के साथ छोटी.छोटी टोली बनाकर छठ घाट जा रहे थे स कोई परिवार बैंड बाजा साथ में था तो कोई छठी मैया के लोकगीत



गाते हुए छट घाट पहुंचे थे स यह आस्था और विश्वास का महापर्व है जहां लोग इतनी ठंड में भी बिना चप्पल पहने अपने घरों से पैदल छठ घाट पर पहुंचे थे जिसमें युवा वर्ग ही नहीं वृद्धि और बच्चे भी पूरे आस्था के साथ उगते सूर्य को अर्द्ध देने पहुंचे थे ।

हजारों की भीड़ में व्रती महिलाएँ सुबह से ही घंटों ठंडे पानी में उतर कर सूर्योदय का इंतजार कर रही थी जहां सूर्य देव के प्रकट होते ही जल और दूध का अर्ध्य दिया गया। इसके बाद व्रती महिलाओं के द्वारा घरों में जाकर एक बार फिर अपने इष्ट देव छठी मैया का पूजा अर्चना किया गया उसके बाद ही व्रती महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा प्रसाद लेने ; पारण द्ध के बाद उपवास तोड़ा गया । इसके बाद 36 घंटे के कठोर उपवास का यह लोक आस्था का छठ महापर्व का समापन हुआ । गौरतलब है कि चार दिवसीय इस महापर्व की शुरुआत नहाए खाए के साथ हुई थी । इसके बाद दूसरे दिन खरना तीसरे दिन अस्तगामी ;डूबते सूर्यद्ध को संध्या अर्ध अर्ध और आज चौथे दिन उगते सूर्य को अर्द्ध देने के साथ समाप्त हुआ । आज इस आयोजन में सिर्फ यूपी बिहार के ही नहीं अन्य प्रांत के लोग भी उनके संस्कृति और परंपरा से परिचित होने ध्रूबरू होने छठ घाट पर गए थे । जहां यूपी बिहार के महिलाओं ने अपनी परंपराओं के अनुसार पूजा उपरांत उनके मांग में सिंदूर दान कर उनका अभिवादन कर सदा सुहागन की कामना की गई । राजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आनंद कुमार सिंह भी सह परिवार छठ घाट पर पहुंचे थे उनकी पत्नी श्रीमती रेणु सिंह ;अध्यक्षा राजहरा महिला समाज द्ध ने भी छठी मैया की पूजा आराधना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगी । साथ में महिला समाज के सदस्य गण शिल्पा जायसवाल ए अंकिता त्रिपाठी दीपाली सिरवैया एवं आभा पटेल ने भी छठी मैया की पूजा अर्चना कर परिवार के सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगे ।मुख्य महाप्रबंधक आनंद कुमार सिंह ने आस्था और विश्वास का महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया का आशीष पूरे दल्ली राजहरा पर बनी रहे स यूपी बिहार समन्वय समिति के द्वारा बेहतरीन आयोजन किया गया है स जिसमें सुबह से सूर्य देवता को अर्ध्य देने के लिए माताएं और बहने अपने परिवार के साथ पहुंची है स ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी मनोकामना पूर्ण करें स तथा दल्ली राजहरा वासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं ढेर सारी बधाई

छठ पूजा स्थल पर नहीं रही सेवा की कमी

छठ पूजा घाट पर हर एक व्यक्ति अपने स्तर पर लोगों की सेवा में लगे थे । जहां विगत 4 वर्षों से रामप्रताप यादव एअनिल सिंह हरिराम यादव भीमसेन यादव संजय यादव रोहित यादव एवं मयंक के द्वारा चाय की सेवा की जा रही थी स उन्होंने सुबह 7रू30 बताया कि अभी तक 53 किलो दूध का 2500 से ज्यादा कप चाय चाय हम लोगों ने श्रद्धालुओं को पिला चुके हैं स लोगों की भीड़ अभी भी बनी हुई है स वहीं नगर के भारतीय जीवन बीमा के मुख्य सलाहकार किशोर कुमार कराडे के द्वारा यूपी बिहार का सबसे प्रसिद्ध और छठ पूजा में उपयोग होने वाले ठेकुआ का प्रसाद श्रद्धालुओं को दिया गया स वार्ड नंबर 4 के पार्षद संजीव सिंह ;सल्टू द्ध के द्वारा चाय एवं पोहा सुनील जायसवाल के द्वारा भजिया का सेवा श्रद्धालुओं के लिए किया गया स

महिलाओं के अलावा पुरुष भी रखते हैं उपवास

लोक आस्था का पर्व छठ जिसे अधिकतर महिलाओं के द्वारा अपने नन्हे मुन्ने बच्चों की सुख समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली में के लिए कठोर उपवास रखा जाता है लेकिन कई श्रद्धालु गण पुरुष वर्ग भी इस उपवास को शहर से रखते हैं जहां पूजा स्थल पर पूजा सामग्री टोकरियों में पुरुषों के द्वारा ही घरों से बिना नंगे पैर लाने एवं ले जाने का काम होता है ।

एक नजर

आईएफएमआईएस नेक्स्ट जेन के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला 18 नवम्बर को

रायगढ़, 18 नवम्बर। जिला कोषालय रायगढ़ के तत्वावधान में आईएफएमआईएस नेक्स्ट जेन से संबंधित प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन 18 नवंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कैरियर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, ओवरब्रिज के पास, पहाड़ मंदिर के आगे चिटकाकानी रायगढ़ में किया जाएगा।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अपने अधीनस्थ ऐसे अधिकारी अथवा कर्मचारी, जिन्हें कंप्यूटर एवं तकनीकी कार्यों की जानकारी है, उन्हें प्रशिक्षण सह कार्यशाला में शामिल होने हेतु कहा है। कार्यशाला में जिले के मास्टर प्रशिक्षक द्वारा आईएफएमआईएस नेक्स्ट जेन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अंतर्गत इस प्रणाली के माध्यम से बजट निर्माण की प्रक्रिया, प्रणाली के उपयोग तथा इससे जुड़े तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

जिले के नागरिकों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ही उपलब्ध हों सभी जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं: कलेक्टर

रायगढ़, 18 नवम्बर। जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर न जाना पड़े, बल्कि उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ही आवश्यक जांच, उपचार और दवाइयां उपलब्ध हों। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने के साथ चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाएं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में भी सभी आवश्यक जांच एवं उपचार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति तथा मरीजों की समय पर जांच और उपचार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने शासन से प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

शाउमावि अंतरी में प्रदर्शनी में बच्चों ने छत्तीसगढ़ के बारहमासी त्योहारों को किया जीवंत

अंवरी, 18 नवंबर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा एवं सांस्कृतिक ज्ञान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला, कल्पनाशीलता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं एवं बारहमासी त्योहारों को केंद्र में रखकर आकर्षक प्रदर्शनी तैयार की। बच्चों ने विभिन्न त्योहारों से जुड़ी परंपराओं, रीति-रिवाजों, लोककला और सांस्कृतिक विरासत को मॉडल, चित्रों एवं सजावटी सामग्रियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने तथा उन्हें सहेजने का अवसर मिला।कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा सजावट, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सुआ नृत्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया तथा रंगोली के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ की लोकपरंपराओं पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विशेष रूप से सुआ नृत्य की प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोकजीवन को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं मंच पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने की क्षमता का विकास होता है।

तुमगांव के पास शाम ढलते ही हुआ बड़ा हादसा, मडेली में भी मौत को न्योता दे रहे खुले गड्ढे; आखिर किसकी जिम्मेदारी है लोगों की सुरक्षा?

राजिम-छुरा सड़क निर्माण में ठेकेदार की घोर लापरवाही, सड़क पर खोदे गए गड्ढे बने हादसों का कारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरा, 18 नवंबर। राजिम-छुरा सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य में ठेकेदार की गंभीर लापरवाही अब आम राहगीरों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। सड़क निर्माण के नाम पर पुल-पुलिया बनाने के लिए बीच सड़क पर गहरे गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं, लेकिन इन खतरनाक गड्ढों के आसपास न तो कोई चेतावनी साइन बोर्ड लगाया गया है और न ही वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा संकेतक नजर आ रहे हैं। ठेकेदार की इसी लापरवाही का खामियाजा मंगलवार शाम वाहन चालकों को भुगतना पड़ा। छुरा से लगभग तीन किलोमीटर दूर तुमगांव के पास सड़क के बीचों-बीच खोदे गए गड्ढे में एक के बाद एक पांच बाइक जा गिरीं। इस दुर्घटना में बाइक सवार कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा लाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे तुमगांव के पास यह हादसा हुआ। सड़क के बीचों-बीच पुल निर्माण के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया है, लेकिन निर्माण स्थल पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को सचेत करने के लिए कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगाया गया था। शाम ढलने के बाद जब दोपहिया वाहन चालक इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब उन्हें सड़क पर खोदे गए गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाया। देखते ही देखते एक के बाद एक पांच बाइक गड्ढे में जा गिरीं। हादसे में बाइक सवार लोगों को चोटें आईं। अचानक हुई इस घटना से मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए गड्ढे में गिरी बाइक को बाहर निकालने और घायलों की मदद करने में तत्परता दिखाई। स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को गड्ढे से बाहर निकाला गया तथा घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा पहुंचाया गया।

तुमगांव ही नहीं, मडेली में भी खतरे में राहगीरों की जान

सड़क निर्माण में सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी का मामला केवल तुमगांव तक सीमित नहीं है। मडेली के पास भी पुल निर्माण के लिए रास्ते को खोद दिया गया है, लेकिन वहां भी वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए चेतावनी साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है। ऐसे में इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों, ग्रामीणों और अन्य राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। दिन में तो किसी तरह वाहन चालक स्थिति देखकर संभल सकते हैं, लेकिन शाम और रात के अंधेरे में बिना चेतावनी संकेतक के सड़क पर बने गहरे गड्ढे किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं।

सड़क जनता की सुविधा के लिए बन रही या दुर्घटना के लिए?

राजिम-छुरा सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान जिस तरह सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, उससे सड़क निर्माण की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। किसी भी निर्माणाधीन सड़क पर पुल-पुलिया के लिए खुदाई करने के बाद वाहन चालकों को पहले से सचेत करना, पर्याप्त दूरी पर चेतावनी बोर्ड लगाना, बैरिकेडिंग करना और रात में स्पष्ट दिखाई देने वाले रेडियम संकेतक लगाना बेहद जरूरी है। इसके बावजूद तुमगांव और मडेली जैसे स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। सवाल यह है कि जब सड़क के बीचोंबीच गहरे गड्ढे खोदे जा रहे हैं, तो क्या संबंधित ठेकेदार और निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की यह जवाबदारी नहीं बनती कि वहां से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें? क्या निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था बनाई गई है? यदि बनाई गई है तो उसका पालन क्यों नहीं हो रहा है?

पांच बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी नहीं चेते तो कब होगी कार्रवाई?

तुमगांव के पास एक ही स्थान पर एक के बाद एक पांच बाइक का गड्ढे में गिरना कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को उजागर करता है। यह हादसा प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी के लिए चेतावनी है कि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में इससे भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार को आम नागरिकों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए। केवल सड़क और पुल का निर्माण कर देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्माण के दौरान सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है।

घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर से मामले को गंभीरता से लेते हुए राजिम-छुरा सड़क निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। लोगों ने लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने, तुमगांव और मडेली सहित सभी निर्माणाधीन पुल-पुलिया स्थलों का तत्काल निरीक्षण कराने तथा सड़क पर खोदे गए गड्ढों के आसपास पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी साइन बोर्ड, रेडियम संकेतक और रात्रिकालीन रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि पांच बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने और कई लोगों के घायल होने के बाद जिला प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है। क्या जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई होगी या फिर किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में निर्माण कार्य इसी तरह लापरवाही के बीच चलता रहेगा? आम जनता की मांग है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करे, ताकि सड़क निर्माण के नाम पर राहगीरों की जान जोखिम में डालने का सिलसिला बंद हो सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरातराई 'अ' में जनजागरूकता रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अंवरी, 18 नवंबर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के तत्वावधान में 17 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरातराई 'अ' में जनजागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, सामाजिक बुराइयों, नशे के दुष्परिणामों तथा वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इसमें पॉक्सो (POCSO) एक्ट के बारे में बताते हुए बच्चों के प्रति होने वाले लैंगिक अपराधों, उनसे बचाव, सुरक्षा एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग और उसके दुरुपयोग से होने वाले खतरों के बारे में समझाया गया। विद्यार्थियों को अनजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क करने, अपनी निजी जानकारी साझा करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी गई।इसके अलावा शराब, गुटखा, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया गया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करती है। नशे के कारण होने वाली गंभीर बीमारियों एवं इससे बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम में लोगों के साथ होने वाली ऑनलाइन ठगी, साइबर धोखाधड़ी एवं विभिन्न प्रकार के आर्थिक अपराधों के प्रति भी विद्यार्थियों को सतर्क किया गया। उन्हें बताया गया कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड एवं गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देनी चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने सभी जानकारियों को बड़े ही गंभीरता और उत्साह के साथ सुना तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं उपस्थित शिक्षकों को नशा निषेध की शपथ दिलाई गई। साथ ही जनजागरूकता रैली के माध्यम से समाज को नशामुक्ति, बच्चों की सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

बारिश के कारण धान कटाई पिछड़ी

अंवरी, 18 नवंबर। भखारा क्षेत्र में हुई बे मौसम बरसात और तूफान के कारण धान जमीन पर लिपट कर सड़ रही है जिसे कटाई करने में किसानों में काफी दिक्कतें आ रही है इसी कारण भखारा खरीदी केंद्र में अभी धान की आवक नहीं के बराबर है ,प्रभारी राम साहू ने भी बताएं कि 15 नवंबर को भी दो किसान टोकन कराए थे, उनसे कॉन्टेक्ट करने पर धोखे से टोकन कट गया अभी धाननहीं ला रहे हैं बोल दिए, बारिश के कारण कटाई में लेट हो रही है अतः खरीदी की तारीख 31 जनवरी तक बढ़ानी चाहिए यह बातें कहना है भखारा क्षेत्र के कृषक डॉक्टर मोहन हरदेल का , डॉ हरदेल ने कहा कि 15 नवंबर से भले ही धान खरीदी शुरू हो गई है लेकिन हमारे क्षेत्र में धान खेत में लिपट गई है और सड़ भी गई है ।

समाचार संक्षेप

बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए रायगढ़ विकासखंड के छह जोन में विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित



रायगढ़, 18 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा सत्र 2026-27 में बेहतर परिणाम लाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में रायगढ़ विकासखंड के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अध्ययनरत कमजोर विद्यार्थियों के लिए छह जोन में परीक्षा उन्मुखीकरण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं द्वारा बोर्ड परीक्षा की तैयारी, विषयवार महत्वपूर्ण प्रश्नों, प्रश्नपत्र के ब्लूप्रिंट, प्रभावी उत्तर लेखन, समय प्रबंधन और बेहतर अंक प्राप्त करने की रणनीति की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की विषयगत कठिनाइयों को समझते हुए उन्हें अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तारापुर जोन, महापल्ली, किरोड़ीमलनगर, सम्बलपुरी जोन, कुसमुरा एवं चक्रधरनगर जोन में किया गया। प्रत्येक जोन के लिए अलग-अलग केंद्र निर्धारित किए गए थे, जहां संबंधित क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को जोनवार नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विद्यालयों के प्राचार्यों को कमजोर विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा उनके साथ प्रभारी शिक्षकों को भेजने के निर्देश दिए गए थे। संबंधित केंद्रों पर विद्यार्थियों के लिए आवश्यक बैठक व्यवस्था भी की गई।

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के शहादत दिवस के परिप्रेक्ष्य में पूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित



रायगढ़, 18 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के शहादत दिवस के परिप्रेक्ष्य में राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के संचालक कमोडोर अजय सिंह बिसेन की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मेलन में रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिले के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, आश्रितों एवं शहीद परिवारों के साथ संवाद किया गया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक कमोडोर अजय सिंह बिसेन ने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए सभी पूर्व सैनिकों से सैनिक कल्याण कार्यालय के नियमित संपर्क में रहने तथा व्हाट्सएप के माध्यम से भी जुड़े रहने का आग्रह किया, ताकि नई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय पर मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा कर्मचारी चयन आयोग का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से पूर्व सैनिक बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने सशस्त्र सेना झंडा दिवस में भी सभी से बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की।इस अवसर पर छत्तीसगढ़-ओडिशा सब एरिया रायपुर के कमांडर ब्रिगेडियर आर. शंकर ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी वेटरन्स डे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सैनिक परिवारों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हरिशचन्द्र तिवारी ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की कार्यप्रणाली, रूपरेखा एवं वर्तमान में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी।

कम धान बेचने पर भी प्रति एकड़ 13,839 रुपए की आदान सहायता के निर्णय से किसानों में खुशी की लहर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 18 नवम्बर। धान खरीदी और कृषक उन्नति योजना के तहत मिलने वाली आदान सहायता को लेकर किसानों में खुशी की लहर है। पुसौर विकासखण्ड के ग्राम गोर्रा के किसान भोज कुमार पटेल का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में ऐसी व्यवस्था की है, जिससे कम मात्रा में धान बेचने वाले किसानों को भी राहत मिलेगी। शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी की व्यवस्था की गई है। यदि कोई किसान किसी कारणवश 15 या 16 क्विंटल ही धान बेच पाता है, तब भी उसे पात्रता के अनुसार अंतर की आदान सहायता राशि मिलेगी। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता नहीं रहेगी।

भोज कुमार पटेल ने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति एकड़ 13 हजार 839 रुपए की दर से आदान सहायता राशि दी जाएगी। सरकार की इस व्यवस्था से किसानों को खेती-किसानी के लिए आर्थिक मदद मिलेगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। किसान ने बताया कि वे 25 एकड़ में धान की खेती करते हैं। धान खरीदी की व्यवस्था से उन्हें अच्छी सुविधा मिल रही है। उन्होंने गोर्रा धान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं की भी सराहना की। भोज कुमार ने बताया कि सोसायटी में पेयजल सहित किसानों के लिए जरूरी सुविधाएं अच्छी हैं। साथ ही कहा कि प्रति एकड़ मिलने वाली आदान सहायता राशि से ट्रैक्टर खरीदने की योजना है। धान बेचने से मिलने वाली राशि से वे रबी फसल में गेहूं की खेती भी करते हैं। किसानों के हित में सरकार द्वारा लिए जा रहे फैसलों से उन्हें खेती-किसानी में सहारा मिल रहा है।

विवाह से पहले सिकल सेल जांच का संदेश घर-घर पहुंचा रहे पंडित,जिले में अनूठी पहल

रायगढ़, 18 नवम्बर । सिकल सेल रोग की रोकथाम और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ रखने के लिए रायगढ़ जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए विवाह संबंधी परामर्श देने वाले पंडितों एवं पुरोहितों को भी जोड़ा गया है। अब वे विवाह के लिए कुंडली मिलान के साथ वर-वधू को सिकल सेल जांच कराने और चिकित्सकीय परामर्श लेने का संदेश भी दे रहे हैं। इस पहल से विवाह पूर्व स्वास्थ्य जांच के महत्व को परिवारों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है।

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जिले में जांच और उपचार का कार्य लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में समय-समय पर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में 7 लाख 82 हजार 127 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरुद्ध 15 नवंबर 2026 तक 8 लाख 3 हजार 726 लोगों की जांच की जा चुकी है। इस तरह जिले ने 103 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। जांच में 1,464 सिकल सेल मरीजों की पहचान हुई है और इन सभी को हाइड्रोक्सीयूरिया दवा दी जा रही है। वहीं, 16 हजार 966 लोग सिकल सेल वाहक के रूप में चिह्नित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में आयोजित जागरूकता बैठक में कुंडली मिलान करने वाले पंडितों एवं पुरोहितों को सिकल सेल रोग, इसकी जांच और आनुवंशिक परामर्श के महत्व की जानकारी दी गई थी।

जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए समन्वित प्रयास करें विभागीय अधिकारी:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 18 नवम्बर । जिले में कुपोषण की पहचान, रोकथाम और प्रभावी उपचार के साथ बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। कुपोषण मुक्ति के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ आगामी 1 से 14 दिसंबर तक आयोजित होने वाले वजन त्यौहार की तैयारियों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में कुपोषण की समय पर पहचान और नियमित स्वास्थ्य जांच से उन्हें उचित पोषण एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने वीएचएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) के माध्यम से बच्चों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा चिरायु योजना के तहत अधिक से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

1 से 14 दिसंबर तक वजन त्यौहार, बच्चों के साथ महिलाओं के पोषण स्तर का होगा आकलन

बैठक में बताया गया कि जिले में 1 से 14 दिसंबर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापकर उनके पोषण स्तर का आकलन किया जाएगा। साथ ही दिव्यांग बच्चों की पहचान भी की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं का वजन, ऊंचाई, बीएमआई तथा एनीमिया की जांच की जाएगी। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए 3 से 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का क्लस्टर बनाकर निर्धारित तिथि पर बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापी जाएगी। शत-प्रतिशत बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर अभिभावकों को आमंत्रित करेंगी। निर्धारित दिवस पर जांच से छूटने वाले बच्चों का वजन एवं ऊंचाई दर्ज करने के लिए कार्यकर्ता और सहायिकाएं उनके घर पहुंचेंगी।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिला प्रशासन का

धान खरीदी केंद्रों के नियमित निरीक्षण, किसानों की सुविधा और सुचारू खरीदी पर विशेष जोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 18 नवम्बर । जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित करने और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा खरीदी केंद्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अधिकारी विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में आज एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने कापू तहसील के धान खरीदी केंद्र कापू एवं लिसी का निरीक्षण किया। उन्होंने धरमजयगढ़ स्थित धान संग्रहण केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो चुकी है। अब तक जिले में 100 किसानों से 500 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं, 18 नवंबर को धान विक्रय के लिए जिले के 10 उपार्जन केंद्रों में 61 किसानों ने टोकन कटाया है। किसानों की सुविधा के लिए इस वर्ष भी 'तुंहर टोकन' मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था की गई है। किसान गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर 24 घंटे अपनी सुविधा के अनुसार घर बैठे धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इससे टोकन के लिए सोसायटियों में लंबी कतार लगाने की जरूरत नहीं पड़ती और किसानों के समय एवं श्रम की बचत होती है।

ऑनलाइन टोकन व्यवस्था में किसानों की जोत के अनुसार टोकन की सुविधा निर्धारित की गई है। दो एकड़ तक के किसानों को एक, दो एकड़ से अधिक और 10 एकड़ तक के किसानों को अधिकतम दो तथा 10 एकड़ से अधिक रकबे वाले किसानों को अधिकतम तीन टोकन मिल सकते हैं। किसान अपनी सुविधा और उपलब्ध धान की मात्रा के अनुसार टोकन में मात्रा दर्ज कर सकते हैं। यदि किसी टोकन में किसान अपनी पूरी पात्र मात्रा का धान नहीं बेच पाता है, तो शेष पात्रता समाप्त नहीं होगी। वह अगले टोकन में शेष धान का विक्रय कर सकेगा।

सीएम हेल्पलाइन 1076 में शिकायत पर त्वरित कार्रवाई, चिटकाकानी में पुनः शुरू हुई पेयजल सुविधा

रायगढ़, 18 नवम्बर । सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इसके माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिटकाकानी में खराब पड़े सोलर ड्यूल पंप की समस्या का निराकरण कर पेयजल व्यवस्था बहाल कर दी गई है। पंप के दोबारा चालू होने से अब ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों को भी पेयजल की सुविधा मिल रही है।ग्राम चिटकाकानी निवासी श्री पीताम्बर प्रधान ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था के लिए स्थापित सोलर ड्यूल पंप तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ा था। जिसके चलते ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध होने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तभी उन्होंने इस संबंध में शासन की सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने पर क्रेडा के जिला कार्यालय एवं जोनल कार्यालय रायगढ़ द्वारा तत्काल पहल करते हुए संबंधित स्थापना एजेंसी से समन्वय किया गया।

मांड नदी में अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग ने चेन माउंटेन मशीन जब्त कर किया सील

रायगढ़, 18 नवम्बर। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज अमले ने ग्राम पुसलदा स्थित मांड नदी में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर कार्रवाई की।



जांच के दौरान नदी में रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक चैन माउंटेन मशीन मौके पर पाई गई। खनिज विभाग के अमले ने मशीन को तत्काल जब्त कर सील कर दिया। जांच में अवैध उत्खनन का कार्य खरसिया निवासी तरुण साहू द्वारा कराया जा रहा था। खनिज विभाग द्वारा संबंधित वाहन मालिक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की प्रासंगिक धाराओं के तहत अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एक नजर

डॉ. गीतेश अमरोहित ने की डॉ. यतीन्द्र मिश्रा से मुलाकात



रायपुर 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्यकार एवं चिकित्सक डॉ. गीतेश अमरोहित ने विख्यात लेखक एवं केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, भारत सरकार के वरिष्ठ सदस्य डॉ. यतीन्द्र मिश्रा से रायपुर में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ी साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और समाज से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही साहित्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और आपसी सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस भेंट को प्रदेश के साहित्यिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सार्थक संवाद और सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राइस मिल के भौतिक सत्यापन में 885 कट्टा अतिरिक्त धान मिला, मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई

धमतरी, 18 नवंबर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान के अवैध भंडारण एवं अनियमितताओं पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से जिले में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग द्वारा राइस मिलों और धान भंडारण स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 17 नवंबर को नायब तहसीलदार कुरुद, खाद्य निरीक्षक कुरुद एवं मंडी निरीक्षक कुरुद की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम भुसरेंगा स्थित भंशाली राइस मिल का भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिल परिसर में उपलब्ध धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर संबंधित अभिलेखों से मिलान किया गया। इस दौरान अभिलेखों में दर्ज मात्रा की तुलना में 885 कट्टा धान अतिरिक्त पाया गया। उक्त अनियमितता के संबंध में मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही पंचनामा तैयार कर जप्ती की कार्रवाई पूरी की गई। जप्त धान को नियमानुसार मिल संचालक की सुपुर्दगी में दिया गया।

पशुपालन और मछलीपालन विभाग की कलेक्टर ने की समीक्षा, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर

धमतरी, 18 नवंबर। जिले में पशुपालन एवं मत्स्यपालन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पशुपालकों और मछलीपालकों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के साथ विभागीय गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अंतर्गत पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, किसान क्रेडिट कार्ड प्रकरणों की स्थिति और पशु सखियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पशुपालकों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए सहकारी समितियों के गठन, दुधारू पशुओं के प्रदाय तथा गौशाला एवं गौधाम के संचालन की प्रगति की भी समीक्षा की। इसी तरह मत्स्यपालन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए किसानों के केसीसी प्रकरणों तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, हितग्राहियों को मिल रहे लाभ और मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

बाल दिवस पर 121 बच्चों को स्कूल बैग और ज्योमेट्री सामग्री वितरित की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



तिल्दा-नेवरा 18 नवंबर। बच्चों को पढ़ाई के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन की ओर से बाल दिवस पर अदाणी पावर प्लांट, रायखेड़ा परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आसपास के गाँवों के 121 बच्चों और 101 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के नवोदय कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग और ज्योमेट्री सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अदाणी पावर प्लांट के प्रोजेक्ट हेड अशोक सिंह यादव उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में एचआर हेड नागेश्वर राव, एचआर विभाग के देबासिस दास और अदाणी फाउंडेशन की सीएसआर हेड श्रीमती प्रीति प्रजापति शामिल हुईं। इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन की सीएसआर टीम, शिक्षा विभाग की टीम, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि अशोक सिंह यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही आगे चलकर वैज्ञानिक, शिक्षक, इंजीनियर, प्रशासक और देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। उन्होंने बच्चों को नियमित पढ़ाई, अनुशासन, समय का सही उपयोग और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी, रचनात्मक गतिविधियों और प्रेरणादायक संवाद सत्रों का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने इनमें उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दर्शाई। अभिभावकों ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को उत्कृष्ट शैक्षणिक सामग्री और सही मार्गदर्शन मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे उन्हें पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने और भविष्य के लिए तैयारी करने में मदद मिलती है। उन्होंने नवोदय कोचिंग सेंटर और फाउंडेशन की अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को भी बच्चों के लिए उपयोगी बताया।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग और ज्योमेट्री सामग्री दी गई। बच्चों ने खुशी जताते हुए अदाणी फाउंडेशन और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए लगातार मेहनत करने का संकल्प भी लिया। समापन पर अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने सपने पूरे करने और समाज व देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अदाणी फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में काम कर रहा है। शिक्षा से जुड़े इसके कार्यक्रमों के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर मार्गदर्शन और व्यक्तित्व विकास के अवसर दिए जा रहे हैं। फाउंडेशन ने भविष्य में भी शिक्षा और बाल विकास से जुड़े ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

पीएम राहत योजना अंतर्गत पीड़ितों को लाभ पहुंचाने में बलौदाबाजार -भाटापारा जिला प्रदेश में अव्वल

सडक दुर्घटना में घायल 269 लोगों को मिली कैशलेस उपचार की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 18 नवंबर। सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के बाद का पहला सबसे महत्वपूर्ण 1 घंटा) के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाकर उनकी जान बचाने के उद्देश्य से शुरु की गई पीएम राहत योजना के क्रियान्वयन मे जिला बलौदाबाजार -भाटापारा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश मे पहला स्थान हासिल किया है। योजना अंतर्गत अब तक सड़क दुर्घटना मे घायल 269 लोगों को योजना से लाभान्वित किया गया हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मे इस योजना पर जोर देते हुए सड़क दुर्घटना मे घायलों को लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

पीएम राहत योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 फरवरी 2026 को किया गया था। सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ÷गोल्डन ऑवर÷ (दुर्घटना के बाद का पहला महत्वपूर्ण समय) के दौरान समय पर और मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना, ताकि नकदी की कमी के कारण किसी की जान न जाए। योजना के तहत प्रत्येक सड़क दुर्घटना पीड़ित को 7 दिन की अवधि तक ?1.5 लाख (डेढ़ लाख रुपये) तक का निःशुल्क/कैशलेस उपचार मिलता है। यह सुविधा सभी सरकारी और योजना के तहत चिन्हित (एम्पैनल्ड) प्राइवेट अस्पतालों में उपलब्ध है। वाहन बीमित हो, गैर-बीमाकृत हो या 'हिट-एंड-रन' का मामला हो, पीड़ित का इलाज नहीं रोका जाएगा। दुर्घटना होने पर 112 पर कॉल करने पर सिस्टम तुरंत निकटतम अस्पताल और एम्बुलेंस से जोड़ देता है।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाने वाले 'राहवीर' (नेक व्यक्ति) को 25 000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि, प्रशस्ति-पत्र दी जाती है। इसके तहत अब तक जिले के 5 राहवीरों को पुरस्कार राशि प्रदान किया गया हैं। योजना अंतर्गत हर साल राज्य के 10 सर्वश्रेष्ठ राह-वीरों को 1,00,000 (एक लाख रुपये) का राष्ट्रीय पुरस्कार भी दिया जाता है। एक व्यक्ति वर्ष भर में अधिकतम 5 बार इस पुरस्कार का लाभ उठा सकता है। मोटर व्हीकल एक्ट 2019 (धारा 134) के तहत मदद करने वाले व्यक्ति को किसी भी तरह की कानूनी कार्यवाही, पुलिस पूछताछ या कोर्ट-कचहरी के झंझट से पूरी सुरक्षा दी जाती है। बैठक मे डीएफओ पंकज कमल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर ए. आर. टंडन,निशा नेताम मड़ावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पहुंचे सुहेला,मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 18 नवंबर। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा मंगलवार को बलौदाबाजार प्रवास के दौरान सुहेला पहुंचे। उन्होंने यहां दुर्गा मैदान मे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के 19 नवम्बर 2026 को प्रस्तावित सुशासन संकल्प तिहार कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मंच, हेलीपेड सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये।

प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री सुहेला मे शासकीय महाविद्यालय का शुभारम्भ एवं 400 करोड़ से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का 19 नवम्बर को सुहेला मे दूसरी बार आगमन होगा। इस कार्यक्रम मे बहुप्रतिक्षित शासकीय महाविद्यालय का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री पिछली बार आए थे तो सुहेला मे महाविद्यालय खोलने की घोषणा किये थे। इस बार उसी घोषणा को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे जिले मे लगातार विकास कार्य को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। शहर से लेकर गांव तक लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों को सौगात देते हुए कम उपज होने पर भी पूरे 21 क्विंटल प्रति एकड के मान से बोनस राशि दी जाएगी। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा,सीइओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आनन्द यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा,एसडीएम अतुल शेट्टे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बाल दिवस पर निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन

बलौदाबाजार, 18 नवंबर। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत बाल दिवस के अवसर पर बालिकाओं में शिक्षा, आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शास. उच्च. माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रर्शन किया। इस अवसर पर बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं समान अवसरों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिरण केन्द्र से वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी, सुश्री नम्रता साहू द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 धरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम 2005, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पिड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करेगी नालसा की डॉन योजना



रायपुर 18 नवंबर। नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में नायडू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रविग्राम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकार मित्र आकांक्षा साहू, साक्षी साहू एवं दिनेश पटेल ने विद्यार्थियों को नालसा की डॉन (DAWN – Drug Awareness and Wellness Navigation for a Drug-Free India) योजना, 2025 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य नशे की रोकथाम, जनजागरूकता बढ़ाना, नशे से प्रभावित लोगों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उन्हें नशामुक्ति एवं पुनर्वास सेवाओं से जोड़ना है।

इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि तंबाकू, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य, शिक्षा, पारिवारिक जीवन और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। नशे की लत से व्यक्ति की निर्णय क्षमता कमजोर होने के साथ ही आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। अधिकार मित्रों ने विद्यार्थियों को गलत संगति और नशे के प्रलोभन से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही कहा कि यदि किसी मित्र में नशे की आदत दिखाई दे तो इसकी जानकारी शिक्षक एवं अभिभावकों को दें तथा जरूरतमंद व्यक्ति को उपचार और नशामुक्ति के लिए प्रेरित करें। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

संभव स्पोर्ट्स फेस्ट में 600 छात्र-छात्राओं ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन



- सरोरा में अंतरविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, हथबंद विद्यालय ने सर्वाधिक पदक जीतकर संभव चक्र पर जमाया कब्जा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा 18 नवंबर। संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा -तिल्दा एवं रोटरी क्लब रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सरोरा के हाई स्कूल मैदान में अंतरविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता 'संभव स्पोर्ट्स फेस्ट' का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तिल्दा, सिमगा एवं धरसींवा तहसील के विभिन्न ग्रामों के विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में सरोरा , सांकरा, औटगन, परसदा, भुरसुदा, बिलाड़ी, बुंदेली, बिनैका, हथबंद, केसदा, रिगनी, नेवधा, कुंथरेल एवं रैता सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती शीतल गोयल (सीएसआर प्रमुख), श्रीमति उमेश्वरी विश्राम साहू (सरपंच, सरोरा), विश्राम साहू (सरपंच प्रतिनिधि), बसंत सिंह विनोद (उपसरपंच, सरोरा), संजीव कुमार देवांगन (प्राचार्य, हाई स्कूल सरोरा) एवं श्री अनिल वर्मा (प्रभारी) सहित विभिन्न विद्यालयों के खेल प्रभारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोटरी क्लब रायपुर की ओर से ऋझह श्वेता साहू, ऋझह सपना अग्रवाल, ऋझह आलम सिंह रूपरा (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) एवं श्रीमती हर्षिता कौर रूपरा (फर्स्ट लेडी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड की ओर से एम.जी.के. मूर्ति (महाप्रबंधक), चिरंजीत रॉय, धर्मेश कुमार नायक, राजकुमार निषाद, सुश्री नेहा, लक्ष्मी देवांगन, नवीन सिंह, श्री शुभांशु, धनंजय साहू, रोकेश निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा एवं किशोर ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के बृ जलाल गोयल जी के दूरदर्शी सोच को साकार करने के उद्देश्य से कंपनी के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के बीच 'संभव स्पोर्ट्स फेस्ट' के नाम से अंतरविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता में हथबंद विद्यालय ने सर्वाधिक पदक जीतकर संभव चक्र पर विजय प्राप्त की।

इस अवसर पर सीएसआर प्रमुख श्रीमती शीतल गोयल ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद भी अत्यंत आवश्यक है। खेलों से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। साथ ही उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच मिला और विद्यार्थियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

ग्राम बाजार पारा,नगरी, में आबकारी विभाग की अवैध महुआ शराब बिक्री पर बड़ी कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 18 नवंबर। जिला कलेक्टर श्री अविनाश मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री रोहित देवांगन के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त नगरी द्वारा कार्यवाही के दौरान आरोपी के निवास से 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त की गई। उक्त प्रकरण में आरोपी आशिक गायकवाड़, उम्र 35 वर्ष के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख),34(2), 59-क के तहत विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया । उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक जितेंद्र उइके, प्रीति कुशवाहा, अजय राज कश्यप, मुख्य आरक्षक मुरलीधर सोनी, महेश साहू, आरक्षक भूषण वर्मा,अरविंद कुमार नेताम, व वाहन चालक शैलेन्द्र का सराहनीय एवं सक्रिय योगदान रहा। जिला प्रशासन द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है एवं आमजन से अपील की गई है कि इस प्रकार की किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें।

स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत रानी सौरभ जैन ने जिला प्रशासन को सौंपी विभिन्न ज्ञानवर्धक पुस्तकें, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह रहे उपस्थित



रायपुर 18 नवंबर। शिक्षा, ज्ञान और पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देने तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को पुस्तकों के माध्यम से बेहतर भविष्य की दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय स्थित रेडक्रॉस भवन, रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में रानी सौरभ जैन ने जिला प्रशासन रायपुर को विभिन्न विषयों पर आधारित ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी पुस्तकें भेंट कीं।

इस अवसर पर रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह जी सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रानी सौरभ जैन के साथ सौरभ जैन, उपाध्यक्ष भाजपा तिल्दा नेवरा शहर मंडल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पुस्तकों को जिला प्रशासन को सौंपते हुए शिक्षा, साहित्य एवं ज्ञान के प्रसार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस पहल के माध्यम से पुस्तकालयों को समृद्ध बनाने, विद्यार्थियों एवं युवाओं तक उपयोगी साहित्य की पहुंच सुनिश्चित करने तथा समाज में अध्ययन की सकारात्मक परंपरा को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर रानी सौरभ जैन ने कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे व्यक्ति के विचारों, व्यक्तित्व और जीवन की दिशा को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। पुस्तकों के नियमित अध्ययन से नई जानकारियां प्राप्त होती हैं, सोचने-समझने की क्षमता विकसित होती है तथा व्यक्ति में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का संचार होता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में जहां युवाओं का रुझान मोबाइल और इंटरनेट की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं पुस्तकों के अध्ययन की आदत को बनाए रखना और आने वाली पीढ़ी को इससे जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। पुस्तकालय समाज के ज्ञान केंद्र होते हैं, जहां हर वर्ग के व्यक्ति को सीखने और अपने ज्ञान का विस्तार करने का अवसर मिलता है।

रानी सौरभ जैन ने कहा कि स्मृति पुस्तकालय योजना जैसी पहल शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पुस्तकें उपलब्ध कराना केवल एक सहयोग नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सार्थक योगदान है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को शिक्षा, साहित्य एवं पुस्तकालयों के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह जी एवं उपस्थित अधिकारियों के साथ शिक्षा, ज्ञान और सामाजिक सहभागिता से जुड़े विषयों पर सकारात्मक वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। रानी सौरभ जैन एवं सौरभ जैन की इस पहल को शिक्षा एवं ज्ञान के प्रसार की दिशा में एक सराहनीय सामाजिक सहभागिता के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित रूप से ऐसे प्रयास युवाओं में पढ़ने की रुचि विकसित करने और समाज में ज्ञान आधारित सकारात्मक वातावरण तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

जिले में अब तक 8,205 मीट्रिक टन धान की खरीदी

धमतरी, 18 नवंबर। खरीफविपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से जारी है। किसानों की सुविधा और उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार टोकन जारी कर धान विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 नवंबर 2026 को धान विक्रय के लिए कुल 1,008 टोकन जारी किए गए हैं।

6 दिसंबर को साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

रायपुर 18 नवंबर। राजधानी रायपुर में साहू समाज का भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 6 दिसंबर 2026 को संतोषी नगर स्थित मां कर्मा धाम में आयोजित किया जाएगा। शहर जिला साहू संघ, रायपुर के तत्वावधान में होने वाले इस सम्मेलन में प्रदेशभर से विवाह योग्य युवक-युवतियां शामिल होकर मंच से अपना परिचय देंगे और अपने लिए सुयोग्य जीवनसाथी की तलाश करेंगे। सम्मेलन में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अधिक संख्या में प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन को लेकर शहर जिला साहू संघ ने पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 नवंबर 2026 कर दी है। पहले पंजीयन की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित थी, लेकिन सामाजिक बंधुओं के आग्रह पर इसे पांच दिन आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष दिलीप साहू ने प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू सहित प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पदाधिकारी अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विवाह योग्य युवक-युवतियों की परिचय पत्रिका 'मोर संगवारी' का विमोचन होगा। इस पत्रिका में पंजीकृत प्रतिभागियों का परिचय प्रकाशित किया जाएगा और इसे उन्हें वितरित भी किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन में एक विशेष पहल करते हुए युवक-युवतियों और उनके परिजनों के बीच आपसी संवाद एवं काउंसिलिंग के लिए अलग से बैठक व्यवस्था की गई है। इससे परिवारों को एक-दूसरे को समझने और भावी रिश्तों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। दिलीप साहू ने समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं उनके परिजनों से निर्धारित समय सीमा में पंजीयन कराने की अपील की है।

धान खरीदी में अनियमितता पर प्रशासन कर रहा कार्रवाई

जीपीएम के लालपुर उपार्जन केंद्र में 100 बोरी धान जब्त

संयुक्त जांच दल की कार्रवाई में 40 क्विंटल ग्रीष्मकालीन एवं मिश्रित किस्म का धान पकड़ा गया



रायपुर 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और नियमों के अनुरूप संचालित करने के लिए जीपीएम जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। धान उपार्जन केंद्रों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के धान उपार्जन केंद्र लालपुर में संयुक्त जांच दल ने कार्रवाई करते हुए 100 बोरी, कुल 40 क्विंटल धान जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पेंड्रारोड, खाद्य निरीक्षक गौरेला एवं कृषि नोडल अधिकारी लालपुर के संयुक्त जांच दल द्वारा धान उपार्जन केंद्र लालपुर में विक्रय के लिए लाए गए धान का निरीक्षण एवं जांच की गई। इस दौरान धान की किस्म और गुणवत्ता की निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच की गई।

जांच के दौरान ग्राम लालपुर निवासी कृषक सुखीराम राठौर द्वारा विक्रय के लिए लाए गए धान में ग्रीष्मकालीन एवं मिश्रित किस्म का धान पाया गया। निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संयुक्त जांच दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 100 बोरी धान, जिसका कुल वजन 40 क्विंटल है, जब्त कर लिया। जब्त धान को आगे की आवश्यक कार्रवाई एवं निगरानी के लिए समिति प्रबंधक लालपुर की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। संयुक्त जांच दल की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि प्रशासन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान नियमों के पालन को लेकर गंभीर है और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

भाजपा की किसान-विरोधी साजिश बेनकाब, लाखों किसानों का रकबा शून्य हो गया: बैज

रायपुर 18 नवंबर। किसानों का ढाई लाख हेक्टेयर से अधिक रकबा काटना और टोकन-पंजीयन के नाम पर उन्हें धक्के खाने मजबूर करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सरकार का यह कृत्य सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ विश्वासघात है। अन्नदाताओं के साथ मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा क्रूर मजाक किया जा रहा है, धान खरीदी के नाम पर प्रशासनिक अराजकता फैलाई गई है, लाखों किसानों का रकबा पोर्टल पर शून्य दर्ज किया गया है, कई किसानों के धान के खेत को दीगर फसल बता दिया गया है, ऐसे में उन किसानों को न आदान सहायता मिल पायेगा और न ही उनके धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो पायेगी। क्या छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं को बर्बाद करना चाहती है भाजपा?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि आज छत्तीसगढ़ का अन्नदाता एक बार फिर भाजपा सरकार की वादाखिलाफी और तानाशाही का शिकार हो रहा है। एक तरफ सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर 1070 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरू नहीं हुई है, 250 से अधिक संग्रहण केंद्रों में सन्नाटा पसरा है और एक भी टोकन जारी नहीं किया गया है। सबसे बड़ा पाप सरकार ने यह किया है कि चुपचाप तरीके से ढाई लाख हेक्टेयर धान का रकबा काट दिया गया है। इसका मतलब साफ है कि केवल इसी कारण से लगभग 13 लाख मीट्रिक टन धान कम खरीदा जायेगा जिससे किसानों को 4000 करोड़ का सीधा नुकसान होगा। यह छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ खुला धोखा है, जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सहकारिता विभाग, कृषि और खाद्य विभाग पूरी तरह फेल हो चुके हैं। पोर्टल की गड़बड़ियों को ठीक करने के बजाय किसानों को सर्वर और बाबूओं के चक्कर काटने के लिए छोड़ दिया गया है। यह प्रशासनिक अक्षमता नहीं, बल्कि किसानों को हतोत्साहित करने की सरकारी नीति है ताकि धान खरीदी का कुल आंकड़ा कम किया जा सके। छत्तीसगढ़ का किसान जो अपनी मेहनत की कमाई के लिए धान खरीदी पर निर्भर है, वह आज बर्बादी के कगार पर है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हमेशा धान तिहार के रूप में किसानों के उत्सव को सम्मानित किया, जबकि आज भाजपा सरकार ने किसानों के जीवन में अंधेरा तिहार ला दिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सरकार ने जानबूझकर पोर्टल में गड़बड़ी की है और ढाई लाख हेक्टेयर रकबा काटा है ताकि सरकार का धान खरीदी का वित्तीय बोझ कम हो सके। यह किसानों के हक पर सीधी डकैती है।

ब्राह्मण समाज के दीपावली मिलन समारोह में विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



रायपुर 18 नवंबर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ का दीपावली मिलन व सोशल एक्टीविटी ग्रुप की बैठक होटल रियल केम्बो, देवेन्द्र नगर, रायपुर में रविवार 15 नवम्बर को दोपहर 12 से बजे से आयोजित की गई. इसके अतिथि प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट श्री त्रयंबक शर्मा, संपादक कार्टून वाच थे. सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने भगवान का स्मरण करते हुए एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं प्रदान की. दीपावली मिलन बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने संस्था के भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की जिसमें चाणक्य स्मृति दिवस पर परिचर्चा व धार्मिक प्रश्नोंत्तरी, परिवार परिचय सम्मेलन के माध्यम से योग्य वर-वधु के रिश्ते उपलब्ध कराना, महिला शिखर सम्मान, भगवान श्री परशुराम जी की महाआरती, तीज महोत्सव पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दर्शनीय व ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण आदि प्रमुख आयोजन किये जाते है. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों से आगामी आयोजित कार्यक्रमों हेतु संयोजक बनाकर तैयारी प्रारंभ करने का आव्हान किया. इस कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि इसमें अतिथि कार्टूनिस्ट श्री त्रयंबक शर्मा सहित उपस्थित सभी सदस्यों को ÷कार्टून का समाज पर प्रभाव÷ के विषय में अपने अपने अनुभव बताने थे. चंदा मामा से लेकर लोटपोट, मधु मुस्कान, आज तक का सो सॉरी, टीवी पर बच्चों के कार्टून फ़िल्म तक सब कुछ इस चर्चा में आ गया और कार्टून के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव पर विचार प्रगट किया गया. एक सदस्या ने कहा कि मेरे घर में पाँच कार्टून हैं. यशवंत पुरोहित ने कहा कि आदमी कार्टून के रूप में ही जन्म लेता है और उसकी माँ 25 साल तक मेहनत करके उस कार्टून को आदमी बनाती है. फिर ज़िंदगी में दूसरी महिला पत्नी बनकर आती है जो उसे वापस कार्टून बनाने में लग जाती है. इस तरह की अनेक रोचक बातें हुई और हास्य विनोद के फटाके छोड़े गए. इस बैठक के आयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत पुरोहित, सलाहकार त्रिभुवन तिवारी एवं महासचिव सुमन मिश्रा थे।

गौ संरक्षण और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने की जरूरत : डॉ. उदयभान सिंह चौहान



रायपुर 18 नवंबर। गोपाष्टमी पर्व हरिओम गोपाल गोदाम डंडा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में गौ सेवा समाज के वरिष्ठ जनों के बीच डॉक्टर उदयभान सिंह चौहान भागीरथ राज्य सर्व समाज समन्वय महासभा के संरक्षक अखिल भारतीय पंचायत परिषद के मार्गदर्शक छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि जिस सनातन की मान्यता है कि गौ माता में 33 को देवी देवता का वास होता है आज सनातन धर्म के अनुयाई के बीच आज संक्रमण काल में जब भारत देश में धरती माता की उर्वरकता और विषैला रसायनिकों से पशु पक्षी मानव जीवन विभिन्न बीमारियों और खतरों से मंडरा रहा है ऐसे समय में हम सबको भारतीय नागरिकों को इस संकल्प के साथ जबकि विदेशों में अमेरिका में तनाव के लिए गौ माता का स्पर्श कर बच रहे हैं अब भारतीयों की बारी है आज भारत से विदेश गोबर भेजे जा रहे हैं हम यदि गोबर से बने हुए अपने घरों में रखेंगे तो रेडिस सन से मुक्ति भी रखेंगे भारत की युवाओं को नशे की लत छोड़कर सेवा में आगे आना होगा जिस प्रकार से अनु के भंडार पर रोक है।

इस तरह गौ माता के चेहरे पर संग्रहण पर भी हो हमारे पूर्वज लंबा स्वास्थ्य आनंद में जीवन जीते थे किंतु आज हम सब किस ओर जा रहे हैं इस पर आज विचार करने का इस गोपाष्टि पर्व पर आवश्यक है आज आरती के का नाम इसकी भाग दौड़ पर सात्विक रोजगार की नई को सम्मान लाखों एकड़ गोचर भूमि गौ माता की फिर भी गौ माता सड़क पर है हम सभी समाज कोई चिंता जबकि इस अभियान में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई किसी का भी विरोध नहीं है गौ विज्ञान पर गहन अनुसंधान यही भारत की नई उड़ान की ओर ग्राम ही नहीं शहरों में भी सम्मान हो गौ सेवा का हम सबको भारत में कृषि प्रकृति की ओर आगे बढ़ना होगा इस संकल्प के साथ की नंदी बाबा संरक्षक गौ मैया का हम सब संवर्धन के लिए अग्रसर हूं यही आप सबसे और 17 दिसंबर को आयोजित रायपुर दशहरा मैदान रावण भाटा में लाखों के रूप में अपनी उपस्थिति देकर केंद्र और राज्य सरकार को अवगत कराएं कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए।

संकट मोचन हनुमान मंदिर में भक्तिभाव से संपन्न हुआ पाक्षिक चालीसा पाठ

रायपुर 18 नवंबर। पाक्षिक,श्री हनुमान चालीसा, विनय चालीसा, एवं श्री हनुमान लला की आरती रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर,बावली वाले ,जैतू साव मठ के पास अत्यन्त भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में आरती प्रमुख नीम करौली बाबा भक्त मंडल के संस्थापक श्री राजीव श्रीवास्तव एवं परिवार थे, तथा आयोजक श्री प्रतीक अग्रवाल जी थे। कार्यक्रम में विभिन्न समितियों के प्रमुख, भी उपस्थिति रहे, जिनमें श्री सुभाष वर्मा जी, श्री अरविंद दुबे जी , श्रीमती आशा विग, श्रीमती रेणुका सुब्बा, श्री शरद कुमार राठौर जी, श्री प्रतीक अग्रवाल जी, श्री विट्ठल श्रीवास्तव जी, श्री श्रीकांत श्रीवास्तव जी, श्रीमती लक्ष्मी दुबे जी,श्री शेष नारायण शुक्ला जी, श्री संजीव श्रीवास्तव जी थे।

ब्राम्हणपारा वार्ड को 15 लाख के विकास कार्यों की सौगात, विधायक सुनील सोनी ने किया भूमिपूजन

रायपुर 18 नवंबर। आज रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर जोन 4 अंतर्गत ब्राम्हणपारा वार्ड कमांक 43 क्षेत्र में विभिन्न स्थानो पर जनहित में जनसुविधा हेतु नाली रोड पुलिया आदि के नवीन विकास कार्यों का लगभग 15 लाख रू. की स्वीकृत लागत से आजाद चौक ब्राम्हणपारा के समीप पहुंचकर नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति श्री सूर्यकांत राठौड सहित श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए नागरिको को एक और शानदार सौगात दी ।

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने नगर निगम जोन 4 अंतर्गत ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र में अधोसंरचना मद से आजाद चौक गार्डन के पास नाली पुलिया निर्माण कार्य 4 लाख 14 हजार रू. में आजाद चौक गार्डन एवं हनुमान मंदिर के पास रोड पुलिया निर्माण मरम्मत कार्य नाली निर्माण कार्य 7 लाख रू. में ब्राम्हणपारा वार्ड अंतर्गत गौरा गौरी चौरा ढीमर पारा कंकाली तालाब के पास विधायक निधि से 4 लाख की लागत से नये स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद श्री अजय साहू, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद श्री प्रेम बिरनानी, श्री सुनील वांदरे, सामाजिक कार्यकर्ता श्री केके अवधिया, श्री संजय सोनी, जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह एवं जोन 4 के संबंधित अधिकारियों, महिलाओं, गणमान्यजनो, सामाजिक कार्यकर्ताओं नवयुवको आमजनो की बडी संख्या में उपस्थिति के मध्य करते हुए नागरिको को एक और शानदार सौगात महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं सभापति श्री सूर्यकांत राठौड सहित दी ।



रायपुरा पुत्री मेला आयोजन समिति की बैठक में लिए गए अहम फैसले

रायपुर 18 नवंबर। रायपुरा पुत्री मेला आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व विधायक श्री विकास उपाध्याय जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के पश्चात श्री विकास उपाध्याय जी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस पावन पुत्री मेले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी भी आस्था की डुबकी लगाने एवं पूजा-अर्चना करने के लिए उपस्थित होते हैं। आस्था, परंपरा और संस्कृति के इस पावन आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।



20 एवं 21 नवंबर को सजेगा बाल वैज्ञानिकों का राज्य स्तरीय मंच



रायपुर 18 नवंबर। छत्तीसगढ़ के बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को नई पहचान देने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 20 एवं 21 नवम्बर 2026 को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित बाल वैज्ञानिक अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं और नवाचारी विचारों का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही विशेषज्ञों के समक्ष अपने शोध, प्रयोगों और निष्कर्षों को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए वर्ष 2026 एवं 2027 का मुख्य विषय 'सततता के लिए विज्ञान एवं नवाचार' निर्धारित किया गया है। इस विषय के अंतर्गत बाल वैज्ञानिक अपने आसपास की समस्याओं, पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सतत विकास से जुड़ी चुनौतियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने तथा उनके समाधान खोजने की दिशा में अपनी परियोजनाएं तैयार करते हैं। यह आयोजन बच्चों को केवल विज्ञान के सिद्धांतों से परिचित कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनमें समस्याओं का विश्लेषण करने, वैज्ञानिक पद्धति अपनाने और नवाचारी समाधान विकसित करने की क्षमता को भी प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) द्वारा प्रायोजित एक महत्वपूर्ण वार्षिक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में वैज्ञानिक चेतना, जिज्ञासा, तार्किक चिंतन और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना है। इस कार्यक्रम में कनिष्ठ वर्ग के अंतर्गत 10 से 14 वर्ष तथा वरिष्ठ वर्ग में 14 वर्ष से अधिक एवं 17 वर्ष तक के बाल वैज्ञानिक भाग लेते हैं। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच बाल वैज्ञानिकों का चयन राज्य स्तरीय आयोजन के लिए किया जाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26